सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
16.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 214 | 12

'आर्टिकल 370' की कहानी देश को हिला देगी

# शीर्ष कोर्ट से चुनावी बांड योजना रद्द

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- योजना असंवैधानिक, जो कैश नहीं हुए वापस करें

- सभी दल चंदे की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को दें
- आयोग 13 मार्च तक इसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुना दिया। शीर्ष कोर्ट ने चुनावी बांड योजना को अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन और असंवैधानिक माना और इस योजना को रद्द कर दिया। कोर्ट ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि सरकार को इसे रद्द करना होगा। कोर्ट ने इस योजना को जो राजनीतिक दलों को गुमनाम फंडिंग की अनुमति देता है, को असंवैधानिक करार दिया। तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए अदालत ने राजनीतिक पार्टियों से उन चुनावी बॉन्ड को लौटाने के लिए कहा है, जो कैश नहीं हुए। इतना ही नहीं उच्चतम अदालत ने एसबीआइ से 6 मार्च तक चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए कहा है। साथ ही आदेश दिया कि बैंक तत्काल चुनावी बांड जारी करना बंद कर दें। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल 2 नवंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।



### सरकार की दलील से भी कोर्ट सहमत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार ने इस योजना से काले धन पर रोक की दलील दी थी, लेकिन इस दलील से लोगों के जानने के अधिकार पर असर नहीं पड़ता। यह योजना आरटीआइ का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा, सरकार ने दानदाताओं की गोपनीयता रखना जरूरी बताया, लेकिन हम इससे सहमत नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड की वैधता पर सवाल उठाते हुए कुल चार याचिकाएं दाखिल की गयी थीं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि उसने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना की कानूनी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है, जो राजनीतिक दलों को गुमनाम फंडिंग की अनुमति देती है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि दो अलग-अलग फैसले हैं - एक उनके द्वारा लिखा गया और दूसरा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा और दोनों फैसले सर्वसम्मत हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि काले धन पर अंकुश लगाने के लिए सूचना के अधिकार का उल्लंघन उचित नहीं है।

### क्या था प्रावधान

चुनावी बांड योजना को सरकार ने दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया था। चुनावी बांड एक वचन पत्र या धारक बांड की प्रकृति का एक उपकरण है। इसे किसी भी व्यक्ति, कंपनी, फर्म या व्यक्तियों के संघ द्वारा खरीदा जा सकता है, बशर्ते वह व्यक्ति या निकाय भारत का नागरिक हो या भारत में निगमित या स्थापित हो। बांड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन के योगदान के उद्देश्य से जारी किये जाते हैं। केंद्र ने एक हलफनामे में कहा था कि चुनावी बांड योजना की पद्धति राजनीतिक फंडिंग का 'पूरी तरह से पारदर्शी' तरीका है और काला धन या बेहिसाब धन प्राप्त करना असंभव है। एनजीओ एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एंड कॉमन कॉज ने कहा था कि वित्त विधेयक, 2017, जिसने चुनावी बॉन्ड योजना की शुरूआत का मार्ग प्रशस्त किया था, को धन विधेयक के रूप में पारित किया गया था, भले ही यह नहीं था।

### भुनाये गये बांड का बैंकों से ब्योरा मांगा

सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एसबीआइ राजनीतिक दलों की ओर से भुनाये गये चुनावी बांड का ब्योरा पेश करेगा। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनावी बांड के माध्यम से कॉर्पोरेट योगदानकताओं के बारे में जानकारी का खुलासा किया जाना चाहिए। कंपनियों की ओर से दान पूरी तरह से बदले के उद्देश्य से हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि बैंक तत्काल चुनावी बांड जारी करना बंद कर दें। कोर्ट का कहना है कि एसबीआई भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रस्तुत करेगा और आयोग इन विवरणों को वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा।

## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक स्थगित

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की गुरुवार शाम पांच बजे होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। इस संबंध में गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। अब यह माना जा रहा है की मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद ही कैबिनेट की अगली बैठक होगी। जानकारी के अनुसार अब यह बैठक 16 फरवरी के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद होगी।

### किसान संगठनों का आज भारत बंद का आह्वान

**नयी दिल्ली।** अपनी मांगों के समर्थन में किसान संगठनों ने शुक्रवार को भारत बंद का आह्वान किया है। बंद संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने बुलाया है। बंद के दौरान सुबह 6 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्रदर्शन किया जायेगा। उधर एहतियात के तौर पर पटियाला पुलिस प्रशासन ने कई इलाको में इंटरनेट सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की है।

### पूर्व राजद सांसद घूरन राम भाजपा में शामिल

**रांची।** पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम भाजपा में शामिल हो गये। घूरन राम ने कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे संकल्पित होकर पूरा करेंगे। राजद को बाय-बाय कर भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे घूरन राम को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रबीन्द्र राय ने स्वागत करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। घूरन राम ने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था जताया।

### चुनावी बांड पर फैसला ऐतिहासिक : झामुमो

**रांची।** झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड पर बड़ा फैसला सुनाया है। उन्होंने इस फैसले को ऐतिहासक और स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद पूंजीपति लोगों की कैसे रक्षा की जाए इसके लिए चुनावी बॉन्ड की शुरूआत भाजपा की ओर से की गयी थी। इसे आरटीआई से भी अलग रखा गया। उन्होंने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को तीन सप्ताह के अंदर चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों के नाम जारी करने का निर्देश दिया है। 13 मार्च ऐतिहासिक दिन होगा, जब देश बेचने और खरीदने वालों के नाम सामने आयेंगे।

### ममता को झटका, पार्टी सांसद मिमी का इस्तीफा

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय पार्टी नेतृत्व पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संसद के पद से इस्तीफे दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी चीफ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सौंपा है। मिमी चक्रवर्ती ने कहा, मैंने जादवपुर के लिए एक सपना देखा था, लेकिन मुझे कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, जब कोई व्यक्ति फिल्मी पृष्ठभूमि से आता है तो उसे यह कहकर बदनाम करना बहुत आसान होता है कि वह काम नहीं करता है।

# रिमांड अवधि खत्म, हेमंत गये होटवार जेल

## रिमांड अवधि में इडी ने 13 दिन तक की पूछताछ

जमीन घोटाला मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गुरुवार को इडी की विशेष अदालत में पेश करने के बाद 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार भेज दिया गया। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया था। इस दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे।

पेशी से पहले हेमंत का मेडिकल कराया गया। हेमंत सोरेन ने कोर्ट परिसर में समर्थकों को हाथ जोड़कर अभिनंदन किया। बड़गाई अंचल की 8.46 एकड़ जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन की 13 दिनों की इडी रिमांड की अवधि गुरुवार को समाप्त हो गयी थी। अब उन्हें 15 फरवरी को वापस किया।



जमीन घोटाला मामले में इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एजेंसी ने लगातार तीन बार अदालत से पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को रिमांड पर लिया था। इडी टीम ने ने हेमंत सोरेन से 13 दिनों तक पूछताछ की, जिसके बाद गुरुवार को उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष अदालत में पेश किया गया।

### जेल में अटैच बाथरूम, किचन और अर्दली की सुविधा

अदालत से निकलने के बाद रांची पुलिस के द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच हेमंत सोरेन को रांची के होटवार स्थित केंद्रीय कारागार लाया गया। हेमंत सोरेन को जेल में पूर्व से ही कमरा आवंटित किया हुआ है। उन्हें जो कमरा अलॉट हुआ है, उसमें अटैच बाथरूम और किचन मौजूद है। अपर डिवीजन के सेल नंबर एक को वीआइपी कैदियों को रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हेमंत सोरेन को सेल में एक अर्दली भी उपलब्ध करवाया गया है।

### पेशी से पूर्व पत्नी कल्पना इडी दफ्तर जा कर मिलीं

गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित इडी के क्षेत्रीय कार्यालय जाकर पत्नी कल्पना सोरेन ने करीब आधे घंटे तक हेमंत सोरेन से मुलाकात की है। इसके बाद उन्हें रूटीन चेकअप के लिए मेडिकल टीम ईडी ऑफिस पहुंची। वहां से पेशी के लिए कोर्ट ले जाया गया।

### चुनाव के पूर्व बढ़ा भाजपा का क्रेज, 12 हजार लोगों ने थामा दामन

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा का क्रेज विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में बढ़ता जा रहा है। पूरे यूपी में भाजपा में शामिल होने वालों की बाढ़ आ गयी है। पार्टी संगठन के सरोकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग बड़ी संख्या में भाजपा का दामन थाम रहे है। गुरुवार को पार्टी के काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि 14 फरवरी बुधवार को काशी क्षेत्र के 16 जिलों की 71 विधान सभाओं में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 12456 लोगों में सपा, बसपा व कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित पार्षद, पूर्व पार्षद, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सहित पंचायत सदस्य, बीडीसी, पूर्व पंचायत सदस्य सहित प्रबुद्धजन एडवोकेट, इंजीनियर, प्रोफेसर शामिल थे। सभी ने भाजपा का दामन थाम लिया।

### जन समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता : सीएम

# सभी के विकास से ही राज्य आगे बढ़ेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैत्रिक गांव जिलिंगगोड़ा में एक दिन के प्रवास के बाद गुरुवार को रांची लौट आये। जिलिंगगोड़ा में उन्होंने लोगों की सुनी परेशानी, त्वरित और यथोचित निराकरण का भरोसा दिया। सीएम ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोगों के सुख- दुःख में सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी है और रहेगी। पेपर लीक मामले में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में तो कई बार यह मामला सामने आया था। इस बार उनकी सरकार पेपर लीक मामले में सख्ती से कार्रवाई कर रही है। (शेष 11 पर)



सबका विकास जरूरी : सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि सभी के विकास से ही झारखंड आगे बढ़ सकता है। यही कारण है कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में अफसरों को आपके घर-द्वार तक पहुंचा कर लाभ देना शुरू किया था। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों का दल आपके दरवाजे पर पहुंचा और आपकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका समाधान किया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। हमारी सरकार का हमेशा से प्रयास रहा है कि जनता की परेशानियों का निदान कर सकें। उन्हांने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का त्वरित और यथोचित निराकरण होगा। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। हम सभी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं।

# तीसरे दौर की वार्ता में भी किसान संगठन अपनी मांगों पर अडिग

## वार्ता में तीन केंद्रीय मंत्री, संगठन और सीएम मान भी शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा की दो सीमा चौकियों के रास्ते दिल्ली कूच करने को लेकर किसानों और पुलिस के बीच जारी गतिरोध के बीच तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं की गुरुवार को चंडीगढ़ में तीसरे दौर की बातचीत शुरू हो गयी। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद है। सूत्रों के अनसार किसान संगठन इस वार्ता में भी अवतक अपनी मांगों पर अडिग हैं। कृषि, किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसान संघों की विभिन्न मांगों पर जारी बातचीत में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बैठक चंडीगढ़ सेक्टर 26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हो रही है। यह दोनों पक्षों की ओर से तीसरे दौर की वार्ता है। इससे पहले दो दौर की वार्ता क्रमशः आठ और 12 फरवरी को हुई थी जो बेनतीजा रही थी। बैठक में किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंधेर शामिल हैं। इन दोनों संगठनों ने ही अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते दिल्ली चलो' का आह्वान किया है। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हरियाणा के साथ शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर रोक दिया।

### चंपई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार आज संभव

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को तीन बजे होगा। इसे लेकर राजभवन में तैयारी पूरी हो गयी है। झामुमो में जहां अभी तक उलझन बनी हुई है, वहीं कांग्रेस में विधायकों का जोर आजमाइश जारी है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी नामों की सूची लेकर दिल्ली गये थे। उन्होंने पार्टी आलाकमान से सहमति प्राप्त कर ली है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री बनाने को लेकर यदि सहमति बन जाती है तो कांग्रेस के आलमगीर आलम और झामुमो से बसंत सोरेन को यह जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। इसके अलावा कांग्रेस और झामुमो कोटे से बनने वाले मंत्रियों में मिथिलेश ठाकुर और मथुरा महतो के नाम की चर्चा है। फिलहाल, सोरेन कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता को मंत्री पद पर जगह मिल चुकी है। अभी तक किसी का विभाग नहीं बंटा है।

## इडी दफ्तर में विनोद सिंह से फिर पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का करीबी विनोद सिंह गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचे। उनके पहुंचने के कुछ ही देर वाद इडी अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। गौरतलब है कि इडी ने तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए वॉट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था, जिसमें बरियातू की उक्त 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप मिला था। इसके अलावा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसाएं व आग्रह भी था। हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है।

### विनोद और भानू बन सकते हैं सरकारी गवाह

सूत्रों के अनुसार बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और विनोद सिंह सरकारी गवाह बन सकते हैं। जमीन घोटाला मामले में दोनों से ही इडी को छानबीन में बहुत सहयोग मिला है। बताया जा रहा है कि इनसे मिले इनपुट के आधार पर इडी को अनुसंधान में बहुत तथ्य मिले हैं, जो केस को मजबूती देगा। छह अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैंक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिये भेजा था। इडी का दावा है कि इस चैट में जो लोकेशन दिया गया है, वह बरियातु स्थित 8.5 एकड़ जमीन की है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख





### रायबरेली के नाम सोनिया का भावुक पत्र : आपके बिना दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा


# अब आप मेरे परिवार को संभाल लेंगे, पत्र में बड़ा संकेत

- लोकसभा चुनाव न लड़ने की वजह बतायी
- बढ़ती आयु और स्वास्थ्य का दिया हवाला
- मेरा मन, प्राण हमेशा आपके पास रहेगा
- इंदिरा गांधी- राजीव का भी किया जिक्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता के नाम भावुक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने कहा है कि दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा है। रायबरेली आकर मेरा परिवार पूरा होता है। उन्होंने रायबरेली से अपनी भावनाओं का जिक्र किया है। संसदीय सीट से उनका चुनावी रिश्ता खत्म हो गया है और वह राज्यसभा जायेंगी। राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया है। इस बीच उन्होंने यह भी संकेत दिया है कि अब कौन यहां से लड़ेगा। अपने पत्र में उन्होंने लिखा, यह नेह- नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। पत्र की आखिरी पंक्ति में सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा, 'मुझे पता है कि आप हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे, जैसे अब तक संभालते आये हैं। बड़ों को प्रमाण, छोटों को स्नेह, जल्द मिलने का वादा। इसके जरिये उन्होंने यह संकेत भी दे दिया है कि उनके बाद गांधी-नेहरू परिवार का ही कोई सदस्य ही चुनाव लड़ेगा। (शेष 11 पर)

### जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत



वह लिखती हैं, आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं। रायबरेली से खुद को चुनाव न लड़ने की वजह बतायी। उन्होंने कहा कि मैं अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है कि मेरा मन-प्राण हमेशा आपके साथ रहेगा। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया। इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गयी। बीते दो चुनावों को कठिन मानते हुए उन्होंने कहा कि रायबरेली के लोगों ने विषय परिस्थितियों में चट्टान की तरह खड़े रहते हुए हमारा साथ दिया।

# झारखंड झुकेगा नहीं पोस्टर से पटी रांची





**रांची।** इडी रिमांड खत्म होते ही शहर में एक बार फिर से राजनीति गरमा गयी है। राजधानी के कई ईलाकों में अचानक हेमंत सोरेन के पोस्टर लगाये गये हैं। सुबह में यह पोस्टर नहीं थे, लेकिन दोपहर बाद ये पोस्टर हरमू बाई पास रोड के कई स्थानों पर, पूर्व सीएम के आवास के समीप और डोरंडा आदि क्षेत्रों में देखने को मिला। इसमें झारखंड के प्रमुख आंदोलनकारी, शहीदों के साथ गुरुजी शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन के साथ हेमंत सोरेन की फोटो बड़े आकार में लगे हैं। जिसमें लिखा है- झारखंड झुकेगा नहीं। अब इसके कई तरह के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि अब सारा कुछ कोर्ट से होगा, क्योंकि ईडी की रिमांड खत्म हो चुकी है। (शेष 11 पर)

## जनगणना विपत्र में ट्राइबल कॉलम के लिए दिल्ली में जुटे आदिवासी

**रांची।** जनगणना विपत्र में ट्राइबल कॉलम के लिए गुरुवार को देशभर के आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने दिल्ली के अंबेडकर भवन में सेमिनार किया। राष्ट्रीय आदिवासी-इंडीजिनियस धर्म समन्वय समिति के आयोजन की अध्यक्षता गेंदा सिंह उइके ने की। मुख्य संयोजक अरविंद उरांव ने आदिवासियों की पहचान बचाने को ट्राइबल कॉलम की मांग की। मौके पर जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो, डॉ हीरा मीणा, जादो पहान, रामा राव डोरा, मानिक राव अरका, गंगाधर नेताम, अमित इंति, शिव शंकर गोंड, बिरशु असुर, भुवन, दिलीप आदि मौजूद थे।

National Council For Hotel Management And Catering Technology NCHMCT
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी National Testing Agency
एनसीएचएम जेईई 2024
बी.एससी (एचएचए)
पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2024
परीक्षा की तिथि 11.05.2024
ऑनलाइन आवेदन करें
https://nta.ac.in/
https://exams.nta.ac.in/NCHM/
109 शहरों में परीक्षा केंद्र
CBC 21354/12/0014/2324

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 547 of 2023

BETWEEN

BANK OF INDIA, PITHORIA BR., RANCHI ..........APPLICANT BANK

VS.

UMESH KUMAR ..........DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | UMESH KUMAR GOSWAMI S/O NAGESHWAR GOSWAMI | PITHORIA, P.O. & P.S.- PITHORIA, DIST. - RANCHI 834006 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 28,67,243.00/- (Rupees Twenty Eight Lakhs Sixty Seven Thousand Two Hundred Forty Three Only) together with current and future interest, cost for other reliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 12th day of April, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the 5th day of Jan, 2024.

D.K. MAHATO
REGISTRAR

# भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए : सुदेश महतो

अन्याय के लिए न्याय चाहिए जेएमएम को

आम विचारों का नेतृत्व करने वाली पार्टी है आजसू

सैकडों युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ठगबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए। सत्तारूढ़ दल अन्याय करने के लिए न्याय यात्रा पर निकली है। इन्होंने पूरे देश में राज्य के परिचय को बदल कर साख को खराब किया है। कोयला, पत्थर, बालू जैसे खनिज संपदा को बेचने वाली यह सरकार अब युवाओं की नौकरी भी बेच रही है। आज झारखंड के युवाओं को अपने सामने अंधेरा दिखाई दे रहा है। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव निकेश कुमार लाल और पार्टी के केंद्रीय सदस्य अभिरंजन तिवारी के नेतृत्व में कई युवाओं और बुद्धिजीवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एप्सेंसिस ग्रुप के निदेशक और सीईओ मनीष कुमार पांडेय ने पार्टी के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आप सभी को सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए राजनीतिक दायित्व और जवाबदेही को निभाना होगा। अलग अलग पेशे के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। युवाओं के राजनीति में आने से अच्छा माहौल पूरे प्रदेश में विकसित हो रहा है, यह एक बड़े विचार को खड़ा करेगा। आने वाले समय में आजसू पार्टी का दायित्व बढ़ने वाला है।

अपनी पूरी टीम के साथ पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वाले निकेश कुमार लाल ने कहा कि सुदेश महतो जी के विचारों से पिछले कई सालों से जुड़ा हुआ हूँ। राज्य की परिस्थिति और जनता की सेवा के लिए आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूँ। आजसू पार्टी जो भी कार्य करने का निर्देश देगी उसे हम अक्षरसा पालन करेंगे। राज्य को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए सुदेश महतो के नेतृत्व की आवश्यकता है।

मिलन समारोह को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता प्राची नारायण, युवा प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार सिन्हा, प्रो. दीपक कुमार गुप्ता, रेखा सिन्हा और मनीष कुमार पांडे ने भी संबोधित किया। मौके पर अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता, पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव रीना गोडसरा, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधीर यादव, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह, पंकज श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इन्होंने ली सदयस्ता, उद्यमी देबाशीष चटर्जी, विक्रम साबू और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव निकेश कुमार लाल की अगुवाई में राहुल जयसवाल, अभिषेक कुमार, नवीन सिंह, अभिषेक कुमार समेत अन्य युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## चंदा देनेवालों का नाम सर्वजनिक करे एसबीआई : मोर्चा

**रांची।** इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इससे बड़े-बड़े उद्योगपति बेनकाब होंगे, जो निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए अपने पसंदीदा पार्टियों को गुप्त रुप से चंदा दिया करती थी। उन्होंने कहा कि मेरी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मांग है कि वैसे चंदा दाताओं का नाम सार्वजनिक की जाए। जिस से देश के नागरिकों को पता चले की चंदा के एवज में देश के सार्वजनिक संपत्ति को औनेपौने में खरीद रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की वह लाइन सर्वथा स्वागत योग्य है जिसमें कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड को अज्ञात रखना सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19 (1) (ए) का उल्लंघन है। इसका सभी को नि: स्वार्थ भाव से स्वागत करना चाहिए। दरअसल चुनावी बॉन्ड एक तरह का वचन पत्र है।

# चक्रधरपुर से चलने वाली संतरागाछी एक्सप्रेस 21 और 22 फरवरी को रद्द

## टाटा एर्नाकुलम विंटर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चक्रधरपुर रेल मंडल की ओर से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों को अलग अलग तारीखों में रद्द कर दिया गया है। संतरागाछी जबलपुर एक्सप्रेस का परिचालन रेलवे ने 21 और 22 फरवरी को रद्द कर दिया है। ट्रेन रद्द करने के संबध में साउथ ईर्स्टन रेलवे की ओर से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले न्यू कटनी सेक्शन के घुनघुप्ती स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य 18 फरवरी से 26 फरवरी तक किया जायेगा। इस कार्य के कारण चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को संतरागाछी स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 20828 सांतरागाछी जबलपुर एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा, जबकि 22 फरवरी को जबलपुर से खुलने वाली ट्रेन नंबर 20827 जबलपुर सांतरागाछी एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा। ज्ञात हो कि रद्द ट्रेन उसी दिन या फिर दूसरे दिन चक्रधरपुर रेल मंडल पहुंचती है।

**टाटा एणार्कुलम विंटर स्पेशल का परिचालन :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की अत्यधिक भीड़ से निपटने के लिए चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर से एणार्कुलम स्टेशनों के बीच विंटर स्पेशल ट्रेन 19 से 29 फरवरी के बीच अतिरिक्त दो ट्रिप चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 19 और 26 फरवरी सोमवार को टाटानगर स्टेशन से ट्रेन नंबर 08189 टाटा एणार्कुलम साप्ताहिक विंटर स्पेशल ट्रेन खुलेगी। वापसी में 22 और 29 फरवरी को एणार्कुलम स्टेशन से ट्रेन नंबर 08190 एणार्कुलम टाटा साप्ताहिक विंटर स्पेशल ट्रेन चलेगी। ट्रेन नंबर 08189 टाटानगर स्टेशन से सप्ताह के प्रत्येक रविवार और गुरुवार को खुलती है। जबकि ट्रेन नंबर 08190 एणार्कुलम स्टेशन से रविवार और बुधवार को खुलती है।

## खबर एक नजर में

### आज से मौसम साफ हो जायेगा

**रांची।** पश्चिमी विक्षोव का असर खत्म हो गया। शुक्रवार से मौसम साफ हो जायेगा। हालांकि एक दो दिनों तक सुबह-शाम कोहरा साफ रहेगा। पिछले तीन-चार दिनों से जारी बारिश थम गयी है। बेमौसम बारिश ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों की अधिकतम तापमान को गिराया है। पिछले 24 घंटे के दौरान भी राज्य में बारिश दर्ज की गयी। गुरुवार को भी राज्य के कई हिस्से में बारिश हुई है। इसमें राज्य के पूर्वी और मध्य हिस्से हैं, जिसमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़ शामिल है। मौसम विज्ञान केन्द्र की मानें तो शुक्रवार से राज्य में मौसम का साफ हो जायेगा। हालांकि इस दौरान सुबह और शाम के समय कोहरा का प्रभाव देखा जायेगा। इस दौरान कुछ हिस्सों में धुंध का असर देखा जायेगा। 17 फरवरी तक राज्य में कोहरा का असर देखा जायेगा। पिछले 24 घंटे की बात करें तो इस दौरान सबसे अधिक बारिश रांची में 35 एमएम रिकॉर्ड किया गया। वहीं, रामगढ़ में 19 एमएम, लोहरदगा 9 एमएम, लातेहार 5, गढ़वा 14, जामताड़ा 10 एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 16 फरवरी से राज्य के तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जो धीरे धीरे चार डिग्री तक की गिरावट होगी। तापमान में गिरावट आने वाले तीन दिनों तक जारी रहेगी। जबकि 20 फरवरी के बाद तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। बता दें पिछले दो दिनों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि हुई। इसमें राज्य के पि्मी और मध्य हिस्से शामिल है। विशेषकर पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा जिले में ओलावृष्टि हुई। जिससे जन जीवन के साथ फसल भी बर्बाद हुए।

### सांसद गीता कोड़ा ने किया सरेंडर, मिला बेल



**रांची।** आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपी सांसद गीता कोड़ा ने गुरुवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में सरेंडर किया। साथ ही उनके वकील जितेंद्र कुमार ने जमानत अर्जी दाखिल की ।अदालत ने 10 हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की । गीता कोड़ा को पिछले महीने अपर न्यायायुक्त की अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। साथ ही निर्देश था कि एक महीना के अंदर संबंधित कोर्ट में सरेंडर कर जमानत प्राप्त करें । उसी के दिशा निर्देश पर आज गीता कोड़ा ने सरेंडर कर जमानत प्राप्त की। मालूम हो कि आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसका सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है। गीता कोड़ा के मामले की सुनवाई आर्थिक अपराध की विशेष अदालत में चल रही है। मामला वर्तमान में उपस्थित पर चल रहा है।

### धीरज साहू ने फाइल किया 150 करोड़ का संशोधित रिटर्न



**रांची।** कारोबारी व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने 150 करोड़ रुपए का संशोधित आयकर रिटर्न का भुगतान किया है। शेष बची राशि करीब 50 करोड़ की है, जो चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए व्यवसाय से संबंधित है, जिसके लिए रिटर्न अगले वित्त वर्ष में ही दाखिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि जुलाई में जब रिटर्न फाइल किया जाएगा, तब देखेंगे। बता दें कि दिसंबर में धीरज साहू के विभिन्न परिसरों में हुई छापेमारी में करीब 351 करोड़ रुपए से ज्यादा का कैश पकड़ा गया था। इसके साथ ही 2.8 करोड़ रुपए से ज्यादा की ज्वैलरी भी पकड़ी गई थी। बता दें कि इनकम टैक्स विभाग की तरफ से टैक्सपेयर्स के आईटीआर में कोई भी गलती मिलने पर संशोधित आईटीआर भरने के लिए नोटिस भेजा जाता है। संशोधित आईटीआर भरने के लिए एक तय समय दिया जाता है, जिसमें संशोधित रिटर्न भरना होता है। प्रावधानों के अनुसार कोई व्यक्ति दावा न की गई राशि को दिखाने के लिए भी संशोधित आईटीआर फाइल करता है।

**कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............/ दिनांक ............/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह गुमला मार्ग पर 135 पीस साल बोटा सहित एक ट्रक संख्या– JH01EZ6304 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर रायडीह वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.02.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह— वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 318966 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

# घुरन राम समेत दर्जनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** गुरूवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। झामुमो,कांग्रेस,राजद छोड़कर सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पटका एवं माला पहनाकर पूर्व सांसद घुरन राम, माधवचंद्र महतो, ब्रजेंद्र हेमरोम, राजेंद्र मुंडा सहित उनके समर्थकों का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन आरती कुजूर ने किया। उपस्थित लोगों को 8980808080 पर ऑनलाइन सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में विनोद चंद्रवंशी,उमेश सिंह,मनदीप राम,उमेश सिंह, विजय मेहता, सुरेश कुमार, मुकेश गौड़, सन्नी चंद्रवंशी, बृज बिहारी सिंह, विनोद चंद्रवंशी, जसमुद्दीन अंसारी, ननी गोपाल गोराई,प्रदीप मंडल, गया प्रसाद मंडल, संतोष महतो, रमेश कापरी, पंकज चौधरी, बलराम सिंह,विमल घोष, परिमल घोष, फागु उरांव आदि शामिल हैं। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने सभी को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुये कहा कि 2024में देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने केलिए संकल्पित है। हमे जन जन के बीच में जाकर मोदी के संदेश को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पिछले 10वर्षों में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित पिछड़े सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि दलालएबिचौलिए के व्हाट्स ऐप चैट ने पूरा इतिहास भूगोल बता दिया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, लूट और झूठ के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने केलिए सबको आमंत्रण है। भाजपा सर्व व्यापी सर्व समावेशी सोच के साथ अंत्योदय का लक्ष्य पूरा कर रही है। पूर्व सांसद घूरन राम ने पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा ही आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी समाज का सम्मान करती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है।

## सीएम से मिले एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल एएस बजाज



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में एनसीसी बिहार-झारखंड के एडीजी मेजर जनरल एएस बजाज ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वीएस यादव एवं ग्रुप कमांडर हजारीबाग, ब्रिगेडियर राजेश कारेल उपस्थित थे।

## चंपई से मिले बीएयू के कुलपति

रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी, चाईबासा रोड, खूँटी- 835210
Email Id- deoofficekhunti@gmail.com

पत्रांक 226 _/ दिनांक 15/02/2024

**वाहन क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

श्री महेश पोद्दार, माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद के द्वारा अपने सांसद निधि से सरस्वती शिशु विद्यामंदिर, बिनगॉव प्रखंड कर्रा, जिला खूँटी हेतु एक School Bus क्रय का अनुशंसा किया गया है। निविदादाता द्वारा सभी शुल्क (TCS + Insurance + Registration) एवं सभी कर सहित वाहन का क्रय किया जाना है। वाहन School Bus क्रय हेतु कंपनियों, निर्माताओं, अधिकृत एजेंसियों से अति अल्पकालीन निविदा सीलबंद लिफाफा में दिनांक 16/02/2024 से आमंत्रित की जाती है। अति अल्पकालीन निविदा की तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड की अलग–अलग सील बंद लिफाफे को एक बड़े सील बंद लिफाफे में स्वीकार किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय खूँटी में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 22/02/2024 अपराह्न 03:00 बजे तक है। अति अल्पकालीन निविदा खोलने की तिथि 22/02/2024 के अपराह्न 03:30 बजे उप विकास आयुक्त सभागार, खूँटी में निर्धारित है। बिना कोई कारण बताए समिति इस अति अल्पकालीन निविदा को रद्द/वापस/संशोधित करने या अपने विवेकाधिकार पर निर्धारित तिथि को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अति अल्पकालीन निविदा की विस्तृत नियम एवं शर्तें जिला के आधिकारिक वेबसाइट WWW.KHUNTI.NIC.IN पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खूँटी

PR 319042 District (23-24)_D

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत हर वर्ग के उत्थान का काम कर रही केंद्र सरकार : सीपी

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर सेमिनार का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** गुरुवार को राजधानी रांची में पीएम विश्वकर्मा योजना पर सेमिनार का आयोजन किया गया। एमएसएमई विकास कार्यालय की ओर से आयोजित सेमिनार में रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। बढ़ई, लोहार, सोनार और मछली पकड़ने के लिए जाल बनाने वाले समेत अठारह किस्म के कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत कारीगर प्रशिक्षण लेकर और बैंक से मामूली ब्याज पर ऋण लेकर अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकते हैं। इससे पहले मुख्य अतिथि रांची विधायक सीपी सिंह व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सभाकक्ष, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रातु रोड, रांची में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में संयोजक नीतू, सहायक निदेशक ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया।

**प्रशिक्षण में स्टाइपेंड भी मिलेगा :** उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद टूल किट के लिए 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपए तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रूपए तक का कोलेटरल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। राजीव रंजन महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रांची, बीके सिंघा क्षेत्रीय निदेशक आरडीएसडीई रांची, अरूप बनर्जी राज्य प्रभारी सीएससी-एसपीवी झारखंड ने भी अपने विचार रखे। सीएससी रांची के वरिष्ठ प्रबंधक शशि शुक्ला ने इस योजना में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया पात्रता एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीएससी की ओर से एक ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें कई पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का इस योजना के तहत पंजीकरण भी किया गया।

### 18 किस्म के कारीगरों को मिलेगा लाभ

इंद्रजीत यादव आईईडीएस संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम के उद्देश्य व रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। इसमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को लाभ मिलेगा।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation 2017 में निहित प्रावधानों के अनुसार नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न प्रकार के OMD (Outdoor Media Device), विज्ञापन (कार्यालय में विज्ञापन विवरणी उपलब्ध है) अधिष्ठापित करने व करवाने के पूर्व झुमरी तिलैया नगर परिषद् कार्यालय या निकाय में निबंधित विज्ञापन एजेंसी द्वारा अनुमति लेना अनिवार्य है। झुमरी तिलैया नगर परिषद् कार्यालय द्वारा समय–समय पर आम सूचना के माध्यमों से विज्ञापन करने से पूर्व कार्यालय या निकाय में निबंधित विज्ञापन एजेंसी द्वारा अनुमति लेने हेतु सूचित किया गया है, परन्तु ऐसा देखा जा रहा है कि बिना निकाय कार्यालय या निकाय में निबंधित विज्ञापन एजेंसी की अनुमति के विज्ञापन लगाकर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है जो कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 का उल्लंघन है।

अतः सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन करने से पूर्व कार्यालय या निकाय में निबंधित विज्ञापन एजेंसी द्वारा अनुमति प्राप्त कर विज्ञापन शुल्क की राशि की भुगतान करने के पश्चात् ही विज्ञापन लगाना सुनिश्चित करेंगे। यदि निरीक्षण के क्रम में यह पाया जाता है कि निकाय कार्यालय या निकाय में निबंधित विज्ञापन एजेंसी के बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति/एजेन्सी द्वारा विज्ञापन किया जाता है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation 2017 के तहत जुर्माना एवं दण्ड अधिरोपित करते हुए कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी जिसके लिए अवैध विज्ञापन करने वाले जिम्मेवार होगें।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 319032 Urban Development(23-24).D


स्पीड न्यूज

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पर्यवेक्षक होंगे आनंद



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओलिम्पियन आनंद मेन्जेज को पटेल स्पोर्ट्स सिटी, गुजरात यूनिवर्सिटी नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 19 वीं अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक आब्जर्वर सह चयनकर्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### पीएम ने नॉर्थ ईस्ट को मुख्य धारा में लाया



जमशेदपुर। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लेखक तुहिन सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आयी उनकी पुस्तक मोदीज नॉर्थ ईस्ट स्टोरी के बारे में कहा कि इस पुस्तक के लिखने के पीछे मकसद यह रहा कि नॉर्थ ईस्ट हमेशा से तिरस्कृत और बहिष्कृत रहा। पहली बार केन्द्र सरकार ने उत्तर पूर्व के राज्यों को भारत की मुख्य धारा में लाने की कोशिश की और वहां की समस्याओं को एड्रेस किया।

### नूपुर को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान



जमशेदपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वसंत पंचमी पर सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन की प्रबुद्ध कार्यकारिणी ने जमशेदपुर महानगर की वरिष्ठ सुर साधिका, सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ 'श्रीमती नूपुर गोस्वामी' को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान'24 प्रदान करने का निर्णय लिया है। नूपुर को झारखंड के अग्रणी सम्मान से सम्मानित होने पर कार्यकारिणी ने उनका अभिनंदन किया है।

### 18 को सीजन का आखिरी जैम @ स्ट्रीट कदमा में

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से, विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला एक समावेशी और विविध कार्यक्रम सहित, रोमांचकारी जैम@स्ट्रीट का आयोजन कर रहा है । इस बार यह कार्यक्रम 18 फरवरी को सुबह 6:30 बजे कदमा (कदमा गणेश पूजा गोलचक्कर से रंकिणी मंदिर गोलचक्कर) में होने जा रहा है। इसमें भागीदारी नि:शुल्क है।

### दो दिवसीय बाबा दीप सिंह के शहीदी दहाड़े 17 से

जमशेदपुर। हर साल की तरह इस साल भी धन-धन बाबा दीप सिंह जी के शहीदी दहाड़े को समर्पित जेम्को मैदान में दिनांक 17 और 18 फरवरी को समूह साथ संगत के सहयोग से और सिख नौजवान सभा जेम्को आजाद बस्ती के सहयोग से मनाया जा रहा है। वहीं नौजवान सभा के प्रधान जोरावर सिंह गोलू ने बताया कि गुरुवार को गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ साहिब आरंभ हो गये हैं और 17 को अखंड पाठ साहिब की समाप्ति होगी।

### विंटेज और क्लासिक कार बाइक रैली 24 व 25 को

जमशेदपुर। जमशेदपुर विंटेज और क्लासिक कार एवं बाइक रैली का बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण 24-25 फरवरी, 2024 को सड़कों पर जलवा बिखेरने के लिए तैयार है, जो शहर के जीवंत अतीत और हलचल भरे वर्तमान के माध्यम से एक रोमांचक अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। टाटा स्टील द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कालातीत सुंदरता, इंजनों की घरघराहट और जमशेदपुर की चिरस्थायी भावना का उत्सव है। इस साल की रैली की थीम 'रेट्रो राइड्स एंड मॉडर्न वाइब्स' है। यह देश के पूर्वी हिस्से में एक बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम बन गया है।

### खड़ी हाइड्रा से टकरायी बाइक, दो गंभीर

गम्हरिया। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा- कांड्रा मुख्य सड़क पर छोटा गम्हरिया निर्मल पथ के समीप सड़क किनारे खड़े एक हाइड्रा से टकरा जाने के कारण बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायल युवकों में जमशेदपुर के वमार्माइंस निवासी कैबीर सिंह और बिजेंद्र कुमार सिंह शामिल हैं।

# परीक्षा को अंतिम सीढ़ी न मानकर इसे उत्सव मानें छात्र : कुणाल षाडंगी

■ पूर्व विधायक कुणाल ने छात्रों को दिया तनाव को सफलता में बदलने का मंत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर के परसुडीह स्थित राजेंद्र बालिका मध्य विद्यालय के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम की तर्ज पर छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक सह भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। इस दौरान परीक्षा के दिनों के तनावपूर्ण स्थिति से निपटने और छात्रों से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा एक ऐसा उपयोगी अभियान है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छात्रों, उनके माता-पिता, शिक्षकों और समाज के लोगों को एक साथ लाने और संवाद के जरिये समाधान निकालने के प्रयास किये जाते हैं। इसमें बच्चों को परीक्षा के तनावपूर्ण माहौल से निकालकर उनसे सकारात्मक चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।



छात्राओं को संबोधित करते कुणाल षाडंगी।

कुणाल षाड़ंगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी सेहत एवं सही मानसिक विकास के लिए आहार संतुलन और एक्सरसाइज बेहद जरूरी है। बिना किसी समझौते के सभी को प्रतिदिन आधे घंटे का एक्सरसाइज अवश्य करना चाहिए। इसके साथ ही प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी से खुदको जोड़ना चाहिए। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा के दौरान तनाव से पीड़ित हो जाते हैं। इस तरह के तनाव से छात्रों की तैयारी पूरी तरह से बिगड़ जाती है।

इसके लिए उचित शेड्यूल बनाएं और अहम विषयों के लिए समय दें, सोने के लिए पर्याप्त समय दें, मानसिक अभ्यास के साथ निरंतर पानी पिएं, जंक फूड से हरसंभव दूरी बनाए, दिमाग को आराम करने दें, सोशल मीडिया के अति उपयोग से बचें, सकारात्मक सोच रखें और सिलेबस का रिवीजन अवश्य करें। कुणाल षाडंगी ने सभी से छात्रों से आग्रह करते हुए कहा कि परीक्षा को लेकर अनावश्यक तनाव के कारण जीवन-मरण की स्थिति बनाने के बजाय इसे सकारात्मक तरीके से देखें। सीखना एक सुखद, पूर्ण और अंतहीन यात्रा होनी चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने परीक्षा को लेकर विभिन्न छात्रों के सवालों के जवाब दिये। इससे पहले, राजेंद्र बालिका मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल उर्मी दास गुप्ता ने कुणाल षाडंगी को बुके व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

# जेएससीसी सीजीएल परीक्षा पत्र मामले में सरकार का रुख स्पष्ट नहीं : सहिस

■ अखिल झारखंड छात्र संघ ने डीसी के जरिये राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गुरुवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के इकाई संगठन के नेतृत्व में जिला उपायुक्त को और उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमे मुख्य रूप से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग और सरकार द्वारा बनाये गये कड़े कानून के तहत दोषियों पर कारवाई करने की मांग करती है। साथ ही इस पूरे कांड के सूत्रधार और मुख्य आरोपी की पहचान हो सरकार द्वारा इस मामले में लिपा- पोती नही हो।




डीसी को ज्ञापन सौंपने के बाद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, कन्हैया सिंह व अन्य।

ज्ञापन दे रहे पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती है और अभी तक इस मामले पर सरकार का रुख साफ और स्पष्ट नही हैं और नही कोई कारवाई होते दिखाई पड़ रहा है, इसलिए आजसू पार्टी एसे मामले को लेकर गंभीर है क्योंकि पूरे प्रदेश में लाखो युवा बच्चे इस परीक्षा पत्र के लीक होने से बेरोजगार और हताश है और उनकी चिंता करने के बजाय सरकार जमीन घोटाले को फाइल दबाने में लगी है। ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए बिचौलिये संग रणनीति बना रही है विधायक मंत्री बनने के लिए चापलूसी में लगे है लेकिन सरकार को राज्य के भविष्य की चिंता नही है, पूरे मामले में उच्च पदाधिकारियों की संलिप्तता सामने आ रही है इसलिए इसकी जांच स्वतंत्र एजेंसी या यू कहे सीबीआई से जांच कराए ताकि कोई भी दोषी भी बच नहीं सके क्योंकि एसे मामले में कोई व्यक्ति अधिकारी बन जाता है तो राज्य की व्यवस्था सुधारने से ज्यादा दुर्दशा बना देगा जिससे आम जनता की सेवा पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

# राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में अचिंतो प्रमाणिक ने जीते गोल्ड-ब्रांज मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। महाराष्ट्र प्रदेश के पुणे शहर में स्थित छत्रपति शिवाजी स्टेडियम में चल रहे पांच दिवसीय 44 वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप 2024 के तीसरे दिन झारखंड के लिए कामयाबी का रहा। आज तीसरे दिन की स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए 70 प्लस आयु वर्ग में जमशेदपुर के अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर एथलीट अचिंतो प्रमाणिक ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने में कामयाब हुए। उन्होंने 1500 मीटर कि दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और 300 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता। वहीं 55 प्लस आयु वर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर एथलीट संजीव कुमार तोमर ने अपने व्यक्तिगत स्पर्धा हैमर थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसी आयु वर्ग पी जी सोय ने पोल वोल्ट की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मौके पर मौजूद मास्टर एथलीट शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव संजीव कुमार तोमर ने बताया तीसरे दिन के स्पर्धाओं की समाप्ति पर अब तक टिम के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं।




अचिंतो प्रमाणिक।

## डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई जिसमें विकास योजनाओं की समीक्षा कर सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम श्री पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, निदेशक एनईपी ज्योत्स्ना सिंह, एसओआर श्री दीपू कुमार, रजक समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी, बीडीओ-सीओ भी थे।



डीसी द्वारा सभी बीडीओ को विकास योजनाओं के सघन अनुश्रवण का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होनी चाहिए, तथा समयबद्ध रूप से योजनाओं का क्रियान्वयन हो तभी उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी। साथ ही दिशा की बैठक में संज्ञान में लाये गए विषयों के ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया। राज्य सरकार के निर्णयानुसार अब राज्य के महिलाओं, अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के 50-60 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

# तुलसी भवन में नौ मार्च से दो दिवसीय महिला संसद सत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आगामी 9 मार्च से दो दिवसीय कॉलेजियेट छात्राओं के लिए महिला संसद सत्र नामक विशेष आयोजन तुलसी भवन बिष्टुपुर में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में केवल महिला यही भाग ले सकेंगे कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिला प्रतिभागियों को एक गूगल फॉर्म भरना पड़ेगा तथा अन्य सभी मानदंडों को पूरा करना पड़ेगा। दो दिवसीय इस सत्र का प्रारूप झारखंड विधानसभा के जैसा होगा झारखंड के सभी महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों की छात्राएं इसमें भाग ले सकेंगी। राज्य में ऐसा सत्र पांचवीं बार हो रहा है जिसमें महिला संसद प्रथम चरण में होने वाला है । महिला आरक्षण बिल का प्रारूप तैयार किया जा रहा है एवं इस प्रथम दिवसीय सत्र में पेश किया जाएगा जबकि द्वितीय दिवस में शून्य काल प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सक्रिय राजनीति में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।




संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देती डा कविता परमार। साथ में बायें मंजू सिंह व पंकज सोनी।

## कुशवाहा संघ ने विधायक सरयू राय को सौंपा पत्र



जमशेदपुर। कुशवाहा संघ की वर्तमान कमेटी ने गुरुवार को विधायक सरयू राय को कुशवाहा संघ के विद्यालय एवं सेमिनार हॉल के लिए भूखंड आवंटन हेतु आवेदन दिया। मौके पर वर्तमान कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार भक्त, सचिव राम कुमार सिंह, कुशल नेतृत्वकर्ता अनूप सिंह, परमेश्वर प्रसाद एवं कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य के साथ कुशवाहा संघ के सक्रिय सदस्य जयप्रकाश सिंह, विमल मौर्या, विजय सिन्हा मौजूद रहे।

## विधायक मंगल ने किया योजनाओं का शिलान्यास



जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आज मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से स्वीकृत जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत मलीयंता स्कूल से शिव मंदिर तक एक करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी तरह विधायक ने जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत बेलाजुडी पंचायत के मदनाबेड़ा में 11 लाख रुपये की लागत से राजकिशोर धिबर के निजी तालाब के जीणोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। वहीं दूसरी और गुरमा बॉयज स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा एवं श्री श्री सरस्वती पूजा समिति पिपला के कमलाबेड़ा, मिलन संग द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा में शामिल हुए और माथा टेक कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा की हमारी सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है चाहे वह छात्र हो, मजदूर हो, युवा हो, किसान हो या महिला सभी के प्रति ध्यान रखते हुए काफी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है। मौके पर दीपक प्रामाणिक, रूस धीवर, संजय महतो, कृष्णा महतो, हीरालाल सहिस, राजाराम मुर्मू, मंगल टुडू, मंगल महतो, संजीत कर्मकार, होपना माझी, सरत महतो थे।

## 1912 में आज ही हुआ था टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट का पहला इस्पात उत्पादन : हेरिटेज स्टोरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट का निर्माण मूल रूप से 160,000 टन पिग आयरन, 100,000 टन इंगट स्टील, 70,000 टन रेल, बीम और विभिन्न आकार तथा 20,000 टन बार, हुप्स और रॉड की क्षमता के लिए किया गया था।

संयंत्र में अनिवार्य रूप से 180 नॉन-रिकवरी कोक ओवन की बैटरी और सल्फ्यूरिक एसिड प्लांट के साथ 30 बाय प्रोडक्ट ओवन, दो ब्लास्ट फर्नेस (प्रत्येक की क्षमता 350 टन प्रति दिन), एक 300 टन का हॉट मेटल मिक्सर, चार ओपन हर्थ फर्नेस जिसमें प्रत्येक की क्षमता 50 टन, एक स्टीम इंजन संचालित 40-इंच रिवर्सिंग ब्लूमिंग मिल, एक 28-इंच का रिवर्सिंग कॉम्बिनेशन रेल और री-हीटिंग फर्नेस के साथ स्ट्रक्चरल मिल, और एक 16-इंच और दो 10-इंच की रोलिंग मिलें शामिल थीं। इसके अलावा, स्टील वर्क्स में एक पावर हाउस, सहायक सुविधाएं और एक अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशाला थी। इस प्लांट के निर्माण की लागत लगभग 23 मिलियन रुपये थी।



टाटा स्टील का 1912 में जमशेदपुर प्लांट।

पहला ब्लास्ट फर्नेस 2 दिसंबर 1911 को चालू किया गया था, और पहले इंगट का उत्पादन 16 फरवरी 1912 को हुआ था।

## सिंहभूम चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददता

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विजय आनंद मूनका की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से रांची में प्रोजेक्ट भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की तथा मुख्यमंत्री बनने की बधाईयां दी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कोल्हान के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर उनसे विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट के निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त करने, कोल्हान के उद्योगों को राज्य के अन्य जिलों के अनुसार समान दर पर बिजली की उपलब्धता, टाटा कमांड एरिया में जमीनों, फ्लैट्स की रजिस्ट्री आरंभ करने, जुगसलाई एवं मानगो में जमीनों की सर्वे, ठेकेदारों का जीएसटी के मद में बकाया राशि का भुगतान इत्यादि के अलावा कोल्हान के विकास के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।



प्रोजेक्ट भवन में सीएम चंपई सोरेन से मिलते चैम्बर अध्यक्ष मूनका एंड टीम।

## कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़े पैमाने पर कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार ने विगत 2017 में कुछ अनैतिक कार्यों को पार्टी हित में लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रोल बांड विधेयक को पारित कराया। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए गंभीरता-पूर्वक अध्ययन करने के उपरांत करारा जवाब और तमाचा भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी को दिया है। निजी लाभ पार्टी हित में करने के लिए इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ रूपया उगाही करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा एतराज करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया है। इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार और इसको नेतृत्व करने वाले नरेंद्र मोदी जी किसी भी स्तर पर संविधान, लोकलाज का परवाह नहीं कर रहे हैं।

# 23 से 29 फरवरी तक दोपहर तीन बजे से सूर्यधाम में होगी संगीतमय रामकथा

■ श्री राम की महिमा सुनाने श्री अयोध्या धाम से पधार रही हैं सुश्री गौरांगी गौरी

■ श्रीराम मंदिर परिसर में श्री राधे-कृष्ण और शिव परिवार की होगी प्राण प्रतिष्ठा

■ 20 को कलश यात्रा से होगा 11 दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत

■ शोभा यात्रा 22 को निकलेगी जबकि 1 मार्च को महाभंडारा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वाधान में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ पर संगीतमय श्रीराम कथा समेत अन्य आयोजन आगामी 20 फरवरी से 1 मार्च तक सूर्य मंदिर परिसर में सुनिश्चित की गई है। इसके लिये सूर्य मंदिर समिति शहर के एक लाख लोगों के घरों तक आमंत्रण पत्र भेजने का लक्ष्य लेकर आस्थावान श्रद्धालुओं से राम काज हेतु 20 रुपये का आर्थिक सहयोग का आह्वान कर रहे हैं।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह व अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह व साथीगण।

संवाददाता सम्मेलन में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर लोगों की भागीदारी और जनसहयोग से भव्य स्वरूप में स्थापित हुआ है। आज जमशेदपुर ही नही बल्कि झारखंड के एक बहुत ही सुंदर दार्शनिक और रमणीक स्थल के रूप में सूर्यधाम लाखों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक बना है। सूर्य मंदिर परिसर में श्री अयोध्याधाम की तर्ज पर बने राम मंदिर के चतुर्थ वर्षगांठ पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। 23 से 29 फरवरी तक सात दिन लगातार श्री राम कथा की मर्मज्ञ कथा वाचिका श्री अयोध्याधाम निवासी पंडित गौरांगी गौरी जी शंख मैदान में श्रीरामचरित मानस की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगी। राम कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7:30 बजे तक चलेगी। चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर समिति के तमाम सदस्यगण पूरी तन्मयता से जुटे हैं।

**किस दिन, कौन से आयोजन**

■ 20 फरवरी- कलश यात्रा एवं पञ्चांगपुजन।
■ 21 फरवरी- बेदी पूजन अग्गण्यूतारण एवं अधिवासन।
■ 22 फरवरी- श्री विग्रह का नगर भ्रमण सह शोभा यात्रा।

**संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभ**

■ 23 फरवरी- श्री राम कथा महिमा।
■ 24 फरवरी- शिव-पार्वती शुभ विवाह।
■ 25 फरवरी- श्री राम जन्मोत्सव।
■ 26 फरवरी- श्री बाल लीला।
■ 27 फरवरी- श्री सीताराम विवाहोत्सव।
■ 28 फरवरी- केवट प्रसंग एवं भरत चरित्र।
■ 29 फरवरी- वन लीला एवं श्री राम राज्याभिषेक।

## टाटा मोटर्स : उपचुनाव में हरदीप सिंह बने विजेता



जमशेदपुर। गुरुवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पूर्व घोषित उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार चुनाव क्षेत्र संख्या टीएमएलडीयू/050/(2022-24) गुप्त मतदान के द्वारा चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव टाटा मोटर्स ओल्ड कैंटीन में सम्पन्न हुआ। चुनाव में दो उम्मीदवार अमित कुमार सिन्हा और हरदीप सिंह के लिए कुल 135 मतदाताओं ने अपना मतदान किया जिसमे 134 वैध वोट और 1 अवैध वोट पड़े। जिसमे अमित कुमार सिन्हा को 56 वोट और हरदीप सिंह को 78 वोट प्राप्त हुए और हरदीप सिंह को विजयी घोषित किया गया। चुनाव संचालन समिति में इंटक प्रतिनिधि के रूप में ई सतीश कुमार, चुनाव अधिकारी विजय कुमार शर्मा, चिदानंद खंडई, दुर्गेश कुमार, सत्यप्रकाश और गौरव के द्वारा चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री श्री आर के सिंह ने विजयी उम्मीदवार हरदीप सिंह को जीत की बधाई दी।

# धर्म-कर्म की सफलता

एक दशक में प्रधानमंत्री का संयुक्त अरब अमीरात का सातवां दौरा मध्यपूर्व में सबसे बड़े हिंदू मंदिर के निर्माण के कारण ज्यादा चर्चा में है, लेकिन सही मायनों में यह यात्रा कारोबारी रिश्तों को नए आयाम देने वाली भी है। इस यात्रा के दौरान दोनों मुल्कों ने दस अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये हैं। जिसमें आर्थिक गतिविधियों को सहजता प्रदान करने के लिये यूपीआई पेमेंट सिस्टम का लॉन्च करना भी शामिल है। भारत और यूएई के बीच गहरे होते रिश्तों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1970 तक दोनों देशों के बीच जो सालाना व्यापार महज 18 करोड़ डॉलर का था वह अब बढ़कर 85 अरब डॉलर तक जा पहुंचा है। अमेरिका के बाद भारत यूएई को सबसे ज्यादा सामान निर्यात करता है जो वर्ष 2022-23 में बत्तीस अरब डॉलर के करीब था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भारत ने यूएई के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया था। वहीं अब द्विपक्षीय समझौते से भारत में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत के यूपीआई के यूएई की एएएनआई से इंटरलिंक के बाद दोनों देशों में पैसे का ट्रांसजेक्शन सहजता से हो सकेगा। हाल की प्रधानमंत्री की यूएई यात्रा में ऊर्जा सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा संग्रहण आदि मुद्दों पर सहमति बनी है। वहीं इंडिया मिडल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर भी यूएई सहमत है। इसके अलावा दोनों देशों में प्राचीन दस्तावेजों के रखरखाव व पुनरुद्धार पर भी सहमति बनी है। उल्लेखनीय है कि जहां यूएई भारत के लिए चौथा बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश है, वहीं भारत से यूएई को खाद्य पदार्थ, महंगी धातु, हीरे-जवाहरात, खनिज पदार्थ, कपड़े, मशीनरी व इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात होता है।

# पर्यावरण की प्रतिबद्धता

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के पास प्रतिभा और इनोवेशन की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। पीएम ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा, मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा, समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। हमने समयसीमा से पहले इस संबंध में अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पार कर लिया है।


# संसाधनों का उपयोग-उपभोग संयमित होकर करें



**पृथ्वी** हमारे सूर्य परिवार का बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रह है। और इस ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है, जहाँ पर जीवन जीने की सारी अनुकूल प्रस्थितियां पाई जाती हैं। हमारे महापुरुषों ने इस धरा को माता का दर्जा इसलिए प्रदान किया क्योंकि यह भी एक माँ की भांति अनेकों कष्ट सहकर प्रत्येक जीव व बनस्पति को जीवन प्रदान करती है। खाने के लिए फसलें, फल, सब्जियां, में वे इत्यादि इस धरती मां की कोख से ही उपजते हैं। लेकिन यह घोर चिंता व चिंतन का विषय है कि आज मानव के लोभ की हवस ने पृथ्वी के ऊपर व नीचे वातावरण को जितना प्रदूषित किया है, यह मात्र आज के लिए शोचनीय नहीं है अपितु इसके द्वारा आने वाले कल के लिए भी गंभीर खतरे पैदा हो गए हैं।

आज जब इस प्रदूषित वातावरण में प्रत्येक मनुष्य, अपने अतीत की ओर झांककर देखता है तो बस यही कहता है कि पहले समय बहुत अच्छा था। साफ हवा बहती थी, साफ पानी था, कहीं कोई प्रदूषण नहीं, खाना स्वादिष्ट व बलकारक होता था। लोग कुदरत की गोद में, कुदरत से जुड़कर अपना जीवनयापन करते थे। लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया जंगलों की अंधाधुंध कटाई व विकसित देशों में बृहद स्तर पर बड़े उद्योग स्थापित किए गए। जिसके फलस्वरूप वातावरण को दोहरी मार सहनी पड़ी। जैसे-जैसे उद्योगिकीकरण बढ़ता गया, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में प्रगति होती गई, वैसे-वैसे अनेकों कारक व कारण भी सामने आते गए। इन्हीं के द्वारा आधुनिक प्रदूषित वातावरण की स्थिति उत्पन्न हो गई। बढ़ती आबादी व उद्योगिकीकरण के कारण शोर, ऊष्मा, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, थल प्रदूषण इत्यादि सब ओर से ही धरती माँ को गंदगी मिली। यही नहीं प्रमाणु युग ने हमें घातक रेडियोएक्टिव प्रदूषक भी दिए जिन्होंने मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं।

यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार वायुमंडल में हर साल लगभग 2000 लाख टन सलफर डाइऑक्साइड, 1300 लाख टन नाइट्रोजन एवं अनेकों तरह के ऑक्साइड, 700 लाख टन के करीब कार्बन यौगिक एवं 2800 लाख टन राख की मात्र पहुँच रही है। यही नहीं कार्बन डाइऑक्साइड गैस की लगभग 2500 लाख टन से भी ज्यादा मात्र वायुमंडल को दूषित कर रही है। उद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़ें जा रहे रसायनिक पदार्थ जमीन के अंदर पहुंचकर भू-जल को गंदा कर रहे हैं। एवं इनसे विसर्जित होती गैसें हवा को प्रदूषित कर रही हैं। शहरी आबादी द्वारा बहाई जा रही गंदगी के फलस्वरूप नदियां, दरिया गंदे पोखरों का रूप धारण कर रहे हैं। और इनकी हालत दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। इनमें उत्तरी भारत की दो नदियां गंगा जमुना शामिल हैं। मनुष्य द्वारा प्राकृतिक साधनों की जा रही लूट की ताजा मिसाल है कि गंगा नदी के ग्लेशियर हर साल आधा मील पीछे खिसक रहे हैं। इसी प्रकार बाकी नदियों के उत्पति स्थानों पर भी ग्लेशियर दिन-ब-दिन पिघल रहे हैं।



- सुखी भारती

> यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार वायुमंडल में हर साल लगभग 2000 लाख टन सलफर डाइऑक्साइड, 1300 लाख टन नाइट्रोजन एवं अनेक तरह के ऑक्साइड, 700 लाख टन के करीब कार्बन यौगिक एवं 2800 लाख टन राख की मात्र पहुंच रही है। यही नहीं कार्बन डाइऑक्साइड गैस की लगभग 2500 लाख टन से भी ज्यादा मात्र वायुमंडल को दूषित कर रही है। उद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़ें जा रहे रसायनिक पदार्थ भू जल को गंदा कर रहे हैं।

हमें चेतना होगा कि वातावरण प्रदूषण एक ऐसा विषय है जो मनुष्य की उन सारी प्रक्रियाओं को दशार्ता है जो प्राकृति के लिए नुकसानदायक है। यह मनुष्य द्वारा पैदा किया गया अनचाहा बदलाव है। जो आज सभी सजीव प्रजातियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस प्रदूषण के प्रभाव से आज अनेकों ही प्रजातियां इस धरा से लुप्त हो गई हैं। दिन-ब-दिन बढ़ रहे ग्रीन हाऊस प्रभाव से धरती व सूर्य के बीच रक्षा परत का काम कर रही ओजोन परत में भी छेद बढ़ते जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप वातावरण को कई प्रकार के प्रदूषणों का सामना करना पड़ रहा है। खाने वाले पदार्थों में कीटनाशकों का जहर बढ़ने से नई पीढ़ी विभिन्न प्रकार की शारीरिक व मानसिक व्याधियों से ग्रसित हो रही है।

चाहे संसार भर के वातावरण प्रेमियों द्वारा जनमानस को वातावरणीय प्रदूषण के खतरों से अवगत करवाया जा रहा है फिर भी इस ओर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा जितनी गंभीरता से देने की आवश्यक्ता है। आज प्रकृति के जिन अनमोल उपहारों का प्रयोग हम कर रहे हैं, क्या कभी हमने सोचा है कि अगर हम इसी प्रकार निर्दयता से इनका दोहन करते रहे तो यह कितने समय तक बने रह सकेंगे? क्या हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस सुंदर कुदरत को ऐसा ही सुंदर देख पाएंगी? क्या हमने कभी सोचा है कि हमारी गलतियों से वातावरण में पैदा हो रही गर्मी एक दिन पूरी पृथ्वी के विनाश का कारण बन जाएगी? क्या आप जानते हैं कि हमारी पृथ्वी का औसतन तापमान 15-20 डिगरी है जो कि कुछ ही सालों में 2-3 डिग्री बढ़ गया है। तापमान की इसी बढ़ोतरी को ही ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है। इस छोटे से शब्द ने पूरी दुनिया को हिला के रख दिया है। जब दुनिया के किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही का तांडव होता है। संसार के किसी क्षेत्र में बाढ़ आ जाती है व कहीं सूखा पड़ जाता है। बढ़ रही गलोबल वार्मिंग से हमारे वैज्ञानिक भी चिंतित हैं।

निकोलस जो कि विश्व बैंक में अर्थ शास्त्री हैं। उन्होंने अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी कि संसार के लोगों लोगा की गतिविधियों में आई बदलाव के कारण जलवायु के बर्ताव में भी भिन्नता आई है। उन्होंने कहा कि गलोबल वार्मिंग को जल्दी से जल्दी कम करने की आवश्यकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक संसार की अर्थ व्यवस्था 6 ट्रिलीयन पौंड के बराबर कम हो जाएगी। और इसका कारण होगा हमारी गतिविधियों के कारण बदलता जलवायु। आपको जानकर हैरानी होगी कि बढ़े हुए तापमान से सारा हैबीटेट बदल जाएगा। एवं पूरा ईको सिस्टम खराब हो जाएगा। और इन सबके पीछे कारण सिर्फ एक ही है कि मनुष्य ने इस धरती माता का बेरहमी से दोहन कर इसे आज बेहद प्रदूषित स्थिति में ला कर खड़ा कर दिया है। मनुष्य को जल्द से जल्द जागना होगा कि प्रकृति मनुष्य की आवश्यकताओं को तो पूर्ण कर सकती है पर हवस को नहीं। अगर हम सचमुच जीना चाहते हैं व चाहते है कि हमारी आने वाली पुश्तें भी इस धरा पर जन्म ले सकें, तो हमें अेपनी बीमार व गंदगी से भर चुकी ह्यमाँ धरती की सेहत की ओर ध्यान देना होगा। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर इस धरा को फिर से शस्य शयामला बनाना होगा।

## खास बात

# यूएआई में भारतीय

**प्रंशात झा**

**यूएई** में भारत के प्रवासियों की श्रमशक्ति एक बड़ी ताकत है। करीब पैंतीस लाख भारतीय हर साल अपनी कमाई में से बीस अरब डॉलर की धनराशि भारत भेजते हैं। अब भारतीय वहां महज श्रमिक के रूप में नहीं जाते। करीब पैंतीस फीसदी भारतीय अब प्रतिष्ठा वाले कामों में लगे हैं। वैसे प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की सातवीं यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस चुनावी वर्ष में यूएई में सबसे बड़े हिंदू मंदिर के उद्घाटन के चलते यह यात्रा खासी चर्चा में रही है। इस मंदिर के लिये भूमि राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान ने लीज पर दी है। आबूधाबी में एक स्टेडियम में साठ हजार से अधिक प्रवासी भारतीयों को संबोधन तथा मंदिर के उद्घाटन से प्रधानमंत्री की यात्रा भारत व यूएई के मीडिया की सुर्खियों में रही है। एक इस्लामिक देश में एक बड़े मंदिर का बनना यूएई की सहिष्णुता का ही परिचायक है।

दोनों देशों के संबंधों की गर्मजोशी इस बात से पता चलती है कि यूएई के राष्ट्रपति पिछले दिनों वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में भाग लेने गुजरात आए थे और एक रोड शो में भी शामिल हुए। दरअसल, हाल के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय राजनय में भारत की बढ़ती भूमिका और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने यूएई को भारत के महत्व का अहसास कराया है। जिसके चलते कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री मोदी को यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यऑर्डर ऑफ जायेदह्व प्रदान किया गया था। निस्संदेह, भारत व खाड़ी के इस देश के बीच इतने गहरे ताल्लुकात कभी नहीं रहे हैं। यूएई में साहिष्णुता व बहुरंगी संस्कृति की एक वजह यह भी है कि वहां के मूल निवासी बारह फीसद के करीब हैं और बहुसंख्यक आबादी प्रवासी है। करीब दो सौ देशों की बड़ी प्रवासी आबादी में एक तिहाई आबादी भारतीयों की है। जो राजशाही के बावजूद यूएई की विदेश नीति को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। बहरहाल, आज भारत व यूएई के संबंध ऐतिहासिक दौर में हैं। जिसमें भारत के मजबूत नेतृत्व की बड़ी भूमिका को संयुक्त राज्य अमीरात का नेतृत्व पसंद भी करता है।

# मंदोदरी की सलाह

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**


**राम** की पत्नी जगदंबा है। आपने उनका हरण कर लिया है और इस कृत्य के कारण लंका का नाश हो जाएगा। मैं एक बात बता देना चाहती हूं। जबसे आप सीता का हरण कर लंका लाये है तब से आपकी सिद्धी देवियां कोई काम नहीं कर रहीं हैं।जो भी देवगण आपके डर से आपका काम करतेथे सब काम छोड़ चुके हैं। यह प्रमाण है कि श्रीराम की सीता परमेश्वर की शक्ति है। अतः मैं आपसे चाहती हूं कि सीता को लौटा दूं।

मंदोदरी की बात सुनकर रावण ठठा कर हंसा, कहा तुम स्त्री जाति हो और जल्दी भयभीत हो जाती हो। तूने मेरा बल नहीं जाना है क्या? अपने भुजबल से कैलास पर्वत उठानेवाला मैं ही हूं। सारे त्रिलोक में मेरा कोई जोड़ नहीं मिला। देवलोक को मैंने बार-बार परास्त किया। तुम इतना भयभीत क्यों होती हो? तुम देखो मेरा पुत्र मेघनाथ है और अभी मैं भी हूं। इसलिए तुम निश्चिंत रहो।

मंदोदरी से बात करने के बाद रावण सोचने लगा। मैं अगला उपक्रम क्या करूं? उसे याद आया कि मेरा एक पुत्र जो मूलभूत नक्षत्र में जन्म लिया था तो उसकी सुरत देखूं नहीं इसलिए उसे पाताल लाक भिजवा दिया था। उसका पालन पोषण वहीं हुआ है। वह अहिरावण के नाम से विख्यात है। मुझे यह जानकारी है कि वह अनेक प्रकार के सिद्धियों में पारंगत है। वह कभी मेरे पास नहीं आया है। अहिरावण ने ठान लिया था कि जब पिताजी ने मुझे भिजवा दिया और मेरा मुंह नहीं देखना चाहते हैं तो ठीक है मैं अपनी सूरत दिखने के लिए कभी लंका नहीं जाऊंगा। अगर उनका आवश्यकता होगी तो वे खुद मेरे पास आयेंगे।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### स्वच्छ एनर्जी


हम निवेश जुटाने में मदद करने, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित करने और हरित भागीदारी को सक्षम बना सकते हैं। अगर सहज भाव से समझा जाए तो पृथ्वी पर हम हर क्षण वायु, मिट्टी और वायु को प्रदूषित कर रहें हैं। इन तीनों से ही पृथ्वी का अस्तित्व तय होता है। जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। इस दिशा में 2070 की समय सीमा है। **- शिवशंकर, रांची**

### जागरूक करें

पर्यावरण बचाने के लिए अमेरिका द्वारा आयोजित इस डिजिटल शिखर सम्मेलन में विश्व के 40 नेताओं ने शिरकत की। मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा, जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए हमें तेज गति से, बड़े पैमाने पर और वैश्विक संभावना के साथ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। सबसे अधिक लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक करने की आवश्यकता है। **- रेणु, गढ़वा**

**आप** के आने से पहले
ही यहीं मौजूद है,
वक़्त का पोशीदा रुस्तम हर
कहीं मौजूद है।
आज के शाहों की सारी जंग है
मौजूदगी,
और शाह ए वक़्त नामौजूद भी मौजूद
है..।
**- कुमार विश्वास, कवि**

## आपके ट्वीट



दुनिया मे दिलदारी की कमी नहीं ..
बस दिल खोलने की जरुरत है!
**- अमिताभ बच्चन**



सरायकेला-खरसांवा के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने गांव जिलिंगगोड़ा में लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निराकरण होगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। **- चंपई सोरेन, सीएम**

# संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों से हंगामा

## सामयिक

8 फरवरी से पश्चिम बंगाल का संदेशखाली गांव स्थानीय महिलाओं के खिलाफ टीएमसी नेताओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते विरोध प्रदर्शन के कारण सुर्खियों में है। यह मुद्दा विशिष्ट राजनीतिक विवादों से अलग है और क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले संघर्षों पर प्रकाश डालता है।

संदेशखाली मामला क्या है?

एक वायरल वीडियो में संदेशखाली की एक महिला ने टीएमसी नेताओं खासकर शेख शाहजहां पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने उन पर गांव में महिलाओं को आतंकित करने का आरोप लगाया और दावा किया कि वे घरों से युवा, सुंदर महिलाओं को चुनते थे, उन्हें पार्टी कार्यालय में ले जाते थे और संतुष्ट होने तक उनके साथ बार-बार मारपीट करते थे। इससे समुदाय में हंगामा मच गया है। आईपीएस सोमा दास मित्रा के नेतृत्व में एक विशेष महिला पुलिस टीम ने आरोपों की जांच के लिए संदेशखाली का दौरा किया, लेकिन सुरक्षा और गोपनीयता के आश्वासन के बावजूद, गांव की कोई भी महिला आधिकारिक तौर पर यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने के लिए आगे नहीं आई। यह अनिच्छा ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने की कठिनाई को बताती है, खासकर राजनीतिक रूप से आरोपित माहौल में।



राज्य प्रमुख सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में भाजपा ने संदेशखाली मुद्दे को लेकर बशीरहाट में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई, जिससे कई अधिकारी घायल हो गए। परिणामस्वरूप, संदेशखाली समेत सात ग्राम पंचायतों में 19 फरवरी तक धारा 144 लागू कर दी गई है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य पुलिस से तुरंत दखल करने का आग्रह किया

राष्ट्रीय महिला आयोग यौन शोषण की खबरों को लेकर काफी चिंतित है और उसने राज्य पुलिस से तुरंत दखल करने का आग्रह किया है। उन्होंने 48 घंटों के भीतर एक विस्तृत जांच रिपोर्ट का अनुरोध किया है और घोषणा की है कि स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए एक जांच समिति गांव का दौरा करेगी। भाजपा नेताओं ने कथित तौर पर यौन हिंसा होने देने के लिए टीएमसी सरकार की आलोचना की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर महिलाओं की पीड़ा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कार्रवाई नहीं करने के लिए विशेष तौर पर बनर्जी की निंदा की।

टीएमसी मंत्रियों ने आरोपों से इनकार नहीं किया लेकिन भाजपा पर राजनीतिक कारणों से समुदाय को विभाजित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोपों की पुष्टि होने पर जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के ममता बनर्जी के वादे के बारे में बताया और कथित तौर पर क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए भाजपा की आलोचना की।

# एमआरटी महामंडल के बेड़े में 5250 इलेक्ट्रिक बसें शामिल

**सुशील मिश्र**

**पर्यावरण** की दृष्टि से बड़ा कदम उठाते हुए महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है।

महाराष्ट्र के गांव को शहरों से जोड़ने वाली महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल के बेड़े में आज 5 हजार 150 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हुईं। जिससे अब गांव को लोग में एसी बसों में सफर कर सकेंगे। राज्य सरकार केन्द्र सरकार की मदद से एसटी बसों को आधुनिक करके उन्हें निजी बस सेवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने को प्रोत्साहित करने की योजना तैयार की है। बस डिपों में सभी तरह की सुविधाएं प्रदान करने के लिए 600 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

इलेक्ट्रिक बसों के लोकार्पण समारोह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि निजी बस सेवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए यात्री हमारे परमेश्वर हैं और यात्रियों की सेवार्थ आदर्श वाक्य का पालन करते हुए यात्रियों को सर्वोत्तम दर्जे की सेवा प्रदान की जानी चाहिए। हम महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल को 5 हजार 150 इलेक्ट्रिक बसें दे रहे हैं। समय बदल रहा है, प्रतिस्पर्धा के साथ दुनिया आगे बढ़ रही है, ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की जरूरत है। एसटी महाराष्ट्र की लाइफ लाइन है। जहां गांव वहां सड़क, जहां गांव वहां एसटी के आदर्श घोष वाक्य पर एसटी की बस सेवा कई स्थानों पर गांवों तक पहुंचती है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में एसटी का बहुत बड़ा योगदान है। एक अथक परिश्रमी एसटी कर्मचारी हम सभी के करीब का व्यक्ति है। इलेक्ट्रिक बसें, सीएनजी-एलएनजी गाड़ियां प्रदूषण नहीं फैलाएंगी। वातावरण पर्यावरण पूरक (ईको फ्रेंडली ) बना रहेगा। पर्यावरण संतुलन बना रहेगा।

## सामयिक

वर्तमान में इलेक्ट्रिक बस सेवा बोरीवली-ठाणे-नासिक मार्ग पर शुरू हो रही है। केंद्र सरकार की नीति इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए महानगर पालिकाओं को निधि उपलब्ध कराने की है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को वातानुकूलित सेवाओं की आवश्यकता होती है। आम लोगों को भी अच्छी सुविधाएं मिलें, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।

एसटी में यात्रा करने के लिए महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत रियायती टिकट योजना, 65 से 75 वर्ष के नागरिकों के लिए 50 प्रतिशत की छूट और 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए मुफ्त यात्रा योजना महाराष्ट्र राज्य में सफल रही है।

एसटी डिपो साफ-सुथरा और यहां सभी तरह की जरूरी सुविधाएं मिलेगी। सरकार ने एसटी के सौंदर्यीकरण के लिए औद्योगिक विकास महामंडळ को 600 करोड़ रुपये की निधि दी है। इसमें से एसटी आगर की सड़कें सुधरें, पेंटिंग हो तथा अन्य सुविधाएं दी जाएं। पिछले आठ महीनों से हमने हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे स्वच्छ सुंदर बस स्थानक अभियान के अंतर्गत राज्य के 193 बस स्थानकों के सौंदर्यीकरण और सुशोभीकरण योजना की घोषणा की है। राज्य के 173 से अधिक बस अड्डों पर ई-चार्जिंग सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। हाथ दिखाओ एसटी रोको पहल ने लोगों और एसटी के बीच एक भावनात्मक नाता बनाया है।

एसटी की सेवा कई तीर्थयात्राओं के लिए प्रदान की जाती है। राज्य में सभी गाड़ियां अच्छे दर्जे की होनी चाहिए। नागरिकों को अच्छी सेवा देकर अपनी एसटी को लाभ की स्थिति में लाएं। अच्छी सेवा देने वाले कर्मचारियों को वेतन लाभ दिया जाए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### लावारिस शव बरामद

चरही। चरही थाना क्षेत्र के ग्राम सडवाहा टोला सिरकोल के बरद पिछरवा बोकारो नदी के पास गुरुवार को एक व्यक्ति का लावारिस हालत में चरही पुलिस ने शव को बरामद किया। जानकारी के अनुसार गांव के ग्रामीण नदी के समीप से गुजर रहे थे। इसी बीच नदी किनारे एक व्यक्ति के शव को पड़ा देखा अन्य ग्रामीणों को जानकारी दिया। लोग नदी किनारे पहुंचकर पड़े शव को पहचानने का प्रयास किया। लेकिन कोई पहचान नहीं हो सका। ग्रामीणों इसकी तत्काल सूचना चरही थाना को दिया। पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। शव का मुआयना कर उठाकर चरही थाना लाया गया ताकि शव का पहचान हो सके। खबर लिखे जाने तक चहरे से पहचान नहीं हो सका है। पुलिस सरकारी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए तैयारी कर रही है। साथ ही सभी पहलुओं पर जांच करने में जुट गई है।

### लाभुकों के बीच किया कंबल वितरण

बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के सिंदुवारी पंचायत के सोनबरसा गांव में जरूरत मंद 100 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण के मौके पर सिंदुवारी पंचायत के मुखिया करम राम, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की ओर से कार्यपालक सिद्धि गुप्ता, रजनीश और सतीश कुमार मौजूद थें। मौके पर सिद्धि गुप्ता ने कहा कि पोषक क्षेत्र में इस वर्ष हजार ऑन जरूरतमंद लोगों के बीच परियोजना द्वारा कंबल का वितरण किया गया। ठंड को देखते हुए आगे भी जारी है। कंबल पाने के बाद लोगों में खुशी देखा गया। ग्रामीणों ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को धन्यवाद और आभार प्रकट किया है।

### दो दिवसीय सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

विष्णुगढ़। प्रखंड के विष्णुगढ़ प्रखंड के रखवा गांव में मंगलवार को श्री श्री सार्वजनिक सरस्वती पूजा समिति रखवा द्वारा सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सोबरन भगत एवं पंचायत के मुखिया नन्हकू महतो के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर संयुक्त रूप से किया गया। आयोजनकर्ता दामोदर महतो, जागेश्वर एवं सुरेश कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि सोबरन भगत एवं मुखिया ननकू महतो को को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कलाकारों ने भक्ति गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य को प्रस्तुत किया। मां सरस्वती पूजा समिति सदस्य मुकेश,सचिन,शंकर,पवन,सुनील,दिनेश,मिथुन,टेकलाल,संतोष,दानिश,अमृत,नेमचंद,प्रमोद,नीलकंठ,राहुल, विक्की ,गुरुदयाल,जागेश्वर मास्टर, सोबरन, जेठू, पोखी,गणेश,बैजनाथ ,लोकनाथ,बिशून,धानेश्वर मास्टर, रूपलाल टहल, खेमलाल, भैरव,अनूप,डेगलाल,घनु, राजू समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### अज्ञात चोरों ने लगा दी आग, सामान जलकर खाक

चरही। बीते रात बुधवार को चरही थाना क्षेत्र के चुरचू प्रखंड के चरही बाजारटांड़ में स्थापित फल-सब्जी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय में अज्ञात चोरों ने आग लगा दिया। कार्यालय के अंदर रखे कई समान जलकर राख हो गए।इतना हीं नहीं अज्ञात चोरों ने कार्यालय के अंदर रखे कई कीमत समानों और दस्तावेजों को लेकर चंपत हो गए। इस संबंध में कंपनी के अशोक महतो, फुलेश्वर महतो और रोहित महतो ने संयुक्त हस्ताक्षर के साथ चरही थाना में आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि आम दिनों की तरह सभी लोग कार्यालय को अच्छी तरह से बंदकर अपने घर चले गए। गुरुवार सुबह जब कार्यालय पहुंचे तो दिखा की मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।जब अंदर घुसकर देखा तो अज्ञात चोरों ने कई समानों में आग लगाकर नष्ट कर दिया है।साथ ही गोदरेज के लॉक का ताला तोड़कर कई दस्तावेज लेकर चंपत हो गए। आवेदन में यह भी लिखा गया है कि अज्ञात चोरों ने कार्यालय के अंदर रखे अलमारी,कुर्सी,पंखा,कागजात के फाइल,चेकबुक, मोहर,पासबुक, ऑडिट रिपोर्ट और मिट्टी जांच के किट को भी चोर ले भागे।

## हजारीबाग से आठ साल के बच्चे का अपहरण, बच्चे की बरामदगी को लेकर संशय बरकरार

# पांच लाख फिरौती की मांग, चार आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

बरकट्ठा। हजारीबाग के चलकुशा प्रखंड के चांदनी चौक से दिनेश साव के पुत्र दीपक साव को अपराधियों ने बुधवार शाम को अपहरण कर लिया। बताया जाता है कि अपहरण के वक्त दीपक अपने पिता के साथ चांदनी चौक स्थित दुकान में मौजूद था। कुछ देर के लिए वह दुकान के बाहर आया और उसके बाद लापता हो गया। समय गुजरने के बाद जब परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान रात के करीब 8.00 बजे अपहर्ता की ओर से 7739661579 से दीपक के पिता दिनेश साव को कॉल किया गया। जिसमें उनसे पांच लाख की फिरौती की मांग की गयी। फिरौती की रकम इसी फोन पे नंबर पर भेजने को कहा गया। दीपक की मां चमेली देवी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस मामले पर डीएसपी नौशाद ने कहा कि मामले की जांच कर रहे हैं। हमारी पहली प्राथमिकता बच्चे की सकुशल रिकवरी की है। चार लोगों से पूछताछ जारी है। समाचार लिखे जाने तक बच्चे की बरामदगी को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है।

## धूमधाम से मनायी गयी टेकलाल बाबू की 81वीं जयंती

## मां शारदे की पूजा एवं पिता की जयंती से मन प्रफुल्लित: जेपी पटेल



जयंति में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

विष्णुगढ़। माटी के लाल झारखंड आन्दोलन कारी टेकलाल बाबू की 81वीं जयन्ती पर आयोजित समारोह में विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय एवं टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज परिसर स्थित टेकलाल महतो की आदम कद प्रतिमा पर भाजपा के सचेतक सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल पत्नी ललिता देवी,भाई चन्द्रनाथ भाई पटेल व उनकी पुत्री समेत परिवार के सदस्यो ने भी टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा के को नमन करते हुए माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर माण्डू विधायक श्री पटेल ने कहा कि आज बड़ा सुखद संयोग है, की पिता जी के जन्म दिवस के साथ माँ शारदे का भी महाविद्यालय परिसर में दर्शन हूवा इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि ,मेरे पिता जी का शिक्षा के प्रति बहुत झुकाव था,वे चाहते थे कि विशेषकर लड़कियॉ पढ़े और दो परिवारों को शिक्षित करें इन्ही सपनो के बदौलत आज विष्णुगढ़ में विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज,टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज,दौलत महतो बीएड कॉलेज,आईटीआई कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थानों का निर्माण सम्भव हो पाया।

मौके पर मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव,भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो,मंत्री राजेश सोनी,हरि यादव, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, भाजयुमों मंडल महामंत्री महेंद्र कुमार महतो, किशोर यादव, मनोज यादव, टेकोचन्द महतो, मोती राम, रवि कुमार, प्रोफेसर जयनंदन महतो, प्रोफेसर आकाशदीप महतो प्रोफेसर ललित कुमार महतो, किशन राज, प्रोफेसर कृष्णा बैठा, प्रोफेसर राहुल गुप्ता, प्रोफेसर सुमति कुमारी, प्रोफेसर सुशीला कुमारी, प्रोफेसर जयराम महतो, प्रधान लिपिक पारसनाथ सिंह, लेखापाल रामप्रसाद महतो, पवन प्रताप सिंह, कुंदन ठाकुर, रीतलाल महतो प्रेमचंद महतो, किस्टु महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिचौलियो से रहे सावधान : शिबू प्रसाद

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने सरस्वती पूजा के अवसर पर समूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। और झारखंड सरकार के निर्देशानुसार झरपो पंचायत के भुइया टोला में स्वयं अपने नेतृत्व में अबूआ आवास के प्रथम सूची में आए 30 योग्य लाभुको को चयन कर रोजगार सेवक संतोष राम से जिओ टैग करने को कहा । वही लाभुको से 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो शिबू प्रसाद सोनी ने प्रखंड वासियों एवं झरपो पंचायत वासियों से आग्रह करते हुए कहा की लाभुक बिचौलियो के झांसे मे आकर रुपए पैसे किसी को आवास के नाम पर नही दे।

## एकतरफा निर्णय से यूनियन में आक्रोश : देवेन्द्र

भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के सचिव सह सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य ललन प्रसाद सिंह पर प्रबंधन द्वारा ननग्राट्टा लगाने से यूनियन में आक्रोश है। यह निर्णय एकतरफा है। उक्त बातें यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कही है। उन्होंने कहा की सीसीएल प्रबंधन द्वारा उनका पक्ष जाने बिना यह निर्णय तानाशाही रुप दिखाता है। ललन प्रसाद सिंह वरिष्ठ, परिपक्व, एवं जिम्मेदार मजदूर नेता हैं।

## मोकतमा के छबेलवा वन में वन वृक्षों का किया गया रक्षा बंधन



रक्षाबंधन करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

इचाक। जन जंगल एवं जल बचाव समिति मोक्तमा के तत्वाधान में प्रखण्ड के मोकतमा गांव के छबेलवा वन में वृक्षो का रक्षा बंधन कर वृक्षों को बचाने का संकल्प किया गया। सर्व प्रथम सुबह करीब साढ़े आठ बजे समिति के लोगो द्वारा वृक्ष के नीचे वन देवी एवम प्रकृति की पूजा की गई। उसके बाद यूपी से आये स्वंय सेवी संस्था स्यामला के अमित कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, खातियानी परिवार के नागेश्वर मेहता, समाजसेवी रामलखन मेहता, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, समिति के मुख्य संरक्षक जेपी मेहता, संरक्षक महेश कुमार मेहता, अध्यक्ष बदरी मेहता, सचिव रितन प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष शिव कुमार मेहता, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी रामावतार स्वर्णकार, रंजीत कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रो राजेन्द्र यादव, ने अपने अपने विचारों को रखा और वृक्षों को रक्षा बंधन का उद्देश्य को बताया।रक्षा बंधन की कैसे मिली प्रेरणाः- टाटीझरिया के दुधमटिया वन में इस कार्यक्रम के सूत्रधार महादेव महतो के द्वारा समिति के लोगो को मिली। बस 1 मार्च 2009 में छबेलवा वन में रक्षा बंधन का कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया गया। इसके लिए प्रारम्भ में जेपी मेहता, महेश कुमार मेहता, हदयाशु कुमार, राम प्रकाश मेहता, रामावतार स्वर्णकार और प्रमोद कुमार ने इसकी शुरूआत की। इसके बाद यह कार्यक्रम धीरे धीरे बढ़ता गया और लोगो का जुड़ाव होता गया। मोकतमा में 79 हेक्टेयर भूमि वन क्षेत्र में फैला हुआ है। जो जागरूकता के अभाव में आस पास के लोग उसे हमेशा उजाड़ते रहते थे। वन भूमि का अतिक्रमण होता रहा था। परंतु मोक्तमा के ग्रामीणों के सहयोग से एवं जन जंगल एवं जल बचाव समिति के सक्रियता से आज यह वन अपने आप मे अनोखा वन के रूप में है। इस दौरान राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के सुरेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया मीणा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा, राजद के बसंत नारायण मेहता समेत अनेकों लोगो ने वन वृक्षो में रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष बचाने का संकल्प लिया।

## एक नजर में

## जल नल योजना में बरती जा रही अनियमितता की जांच की रखी मांग



दिशा की बैठक में विधायक उमाशंकर अकेला।

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। हजारीबाग जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में दिशा की बैठक के दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही विधानसभा क्षेत्र की सम्पूर्ण विकास एवं मौजूदा समस्याओं पर गंभीररूप से चर्चा किया।मौके पर उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने विधायक उमाशंकर अकेला को बुके देकर बैठक में स्वागत किया। दिशा की बैठक में विधायक श्री अकेला ने बरही पेयजल पुनरुद्धार योजना में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर जल नल योजना की जांच विधायक की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थिति में करने की मांग की। इसके अलावा डीवीसी तिलैया डैम निर्माण के समय विस्थापित गांव के ग्रामीणों को दूसरे गांवों में बसाया गया था, उन गांव के लोगों को मालिकाना हक का रसीद निर्गत नहीं किया जा रहा है इसके लिए रसीद निर्गत करने की मांग उन्होंने की। साथ ही विधायक श्री अकेला ने दैहर एवं चोरदाहा पंचायत के जिन गांवों में बिजली नहीं है, उन गांव में बिजली कब तक पहुंचेगी प्रश्न करने पर महाप्रबंधक द्वारा दो माह में बिजली देने की बात कही गई। साथ ही विधायक श्री अकेला ने कहा कि मध्य विद्यालय हथिया, पंचायत बरहमौरिया के प्रांगण में ट्रांसफार्मर लगा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

## सरस्वती पूजा पंडालों का पूर्व विधायक निर्मला देवी व अंकित राज ने किया भ्रमण



उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव। प्रदेश इंटक सचिव व पूर्व विधायक निर्मला देवी ने सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान अंकित राज ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। अंकित राज ने बारी-बारी से कई पूजा पंडाल में पहुंचकर पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात किया एवं सहयोग प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सिकरी में कार्यक्रम का उद्घाटन किया वहीं सांढ़, पलांडु में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर विधानसभा वासियों को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दी। वही पूर्व विधायक निर्मला देवी ने बाल विकास क्लब कांडतरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया व सोनपुरा हरिजन मोहल्ला, हरली जय मां क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।मौके पर पूर्व विधायक निर्मला देवी एवं अंकित राज का पूजा पंडाल के समिति के द्वारा फूलमाला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया।

## झारखंड श्रमिक संघ जिला समिति की अहम बैठक, कमेटी विस्तार पर की चर्चा



बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिला परिषदन भवन में झारखंड श्रमिक संघ जिला समिति की अहम बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजा मोहम्मद व संचालन बड़कागांव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह के द्वारा किया गया।

बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर जिला कमेटी व प्रखंड कमेटी बिस्तार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कोषाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा की मजदूरों को संगठित करने व उनकी समस्याओं को समाधान करने का प्रयास किया जाएगा तथा मजदूरों को अपने हक व अधिकार दिलाने का काम किया जाएगा। वही संजय सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर जल्द ही जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जाएगा। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष लखन लाल महतो, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू,मोहम्मद ताहिर, नईम राही के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# अच्छे अंक से करियर को मिलेगा सही आकार : प्रवीण

## श्री अग्रसेन स्कूल में आशीर्वचन सह विदाई समारोह का आयोजन, पुष्प वर्षा के बीच विद्यार्थियों का हुआ स्वागत, सामूहिक हवन का आयोजन



बच्चों को संबोधित करते स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया



हवन में शामिल शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा में गुरुवार को आशीर्वचन सह विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हवन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जीवन में सफलता का संकल्प लें और उसके लिए खुद को तैयार करें। आपकी मजबूत इच्छा शक्ति से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। परीक्षा में प्राप्त अच्छे अंक आपके करियर को बेहतर आकार देने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा की अपने व्यक्तित्व एवं संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को स्थान दें।प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यालय ने विद्यार्थियों में जो मूल्य गढ़े हैं, वह आनेवाले समय में उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी बनेंगे। जीवन की चुनौतियों को शिक्षा और संस्कार के बल पर ही बौना साबित किया जा सकता है। अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने की ईमानदार से कोशिश करते रहें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा किया। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के संबंध में सीबीएसई द्वारा जारी गाइडलाइंस की भी जानकारी भी दी गई।

### समितियों ने किया भंडारा का आयोजन

कुजू। कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में सरस्वती पूजा के दूसरे दिन गुरूवार को पूजा सूमितियों द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के लोगों ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया। इससे पूर्व पंडित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराये जाने के बाद हवन कराया गया। क्षेत्र कुजू बस्ती स्थित जय हिंद युवा क्लब, हैप्पी क्लब, श्री राम चौक, केबीगेट, मुरपा, डटमा मोड़, बाबा क्लब, तोपा, सांडी, बोंगावार आदि स्थानों में भी भंडारा हुआ। मां सरस्वती की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ स्थानीय जलाशयों में विसर्जित कर दिया गया।

### धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

कुजू। परवरिश एडुकेयर स्कूल में जीवंत अनुष्ठानों, उत्कट भक्ति और सीखने और ज्ञान की भावना के साथ सरस्वती पूजा मनाया गया। उत्सव की शुरूआत एक शुभ पूजा समारोह के साथ हुई, जिसमें ज्ञान, संगीत और कला की प्रतीक देवी सरस्वती का आशीर्वाद लिया गया। छात्र और संकाय सदस्य फूलों और पारंपरिक सजावट से सजे सुंदर ढंग से सजाए गए परिसर में एकत्र हुए, जो उत्सव की भावना से गूंज रहा था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, छात्र और शिक्षक अपनी प्रतिभा और कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक प्रदर्शन, भक्ति गीत और पारंपरिक नृत्य में लगे रहे।

## प्रतिभा के धनी है यहां के विद्यार्थी : निर्मला देवी



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करती पूर्व विधायक निर्मला देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में पूरे धुमधाम व भक्तिभाव के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य पूजा-पंडाल का निर्माण कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई।

जहां पुरोहितों द्वारा विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थित में पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा-अर्चना के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मला देवी, सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह व सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व विद्यालय के सचिव सह प्राचार्य अमित कुमार द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# जीवन की हर परीक्षा में सफल होंगे हमारे छात्र-छात्राएं : बिजयंत कुमार

## ए ला एंग्लाइज स्कूल में 12वीं के छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक दी गई विदाई



समारोह में प्राचार्य व शिक्षकों के साथ मौजूद 12वीं के विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गय। इस दौरान 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 12वीं के छात्र-छात्राओं को तीलक लगाकर व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। इसके पूर्व 12वीं के छात्रों का स्वागत संगीतमय तरीके से किया गया। समारोह में प्राचार्य विजयंत कुमार व तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करने की बात कही। मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा की परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय शुरू से ही शत प्रतिशत परिणाम देता रहा है। बच्चों से जुड़ी हर प्रकार की समस्याओं को विद्यालय ससमय निदान करता आया है। उन्होंने कहा की हमसबों को पूरा उम्मीद है कि परीक्षा में आपके परिणाम से न सिर्फ विद्यालय में बल्कि आपका नाम राज्य स्तर में अंकित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर परीक्षा में सफलता अर्जित करने की कामना की। इस दौरान बच्चों ने अपने जीवन के अनुभवों को शिक्षकों के साथ साझा किया। उक्त समय में कई शिक्षक और बच्चे भावुक हो गए। वहीं 12वीं के शिक्षक निरंजन दुबे और शंभू प्रसाद ने अपने आशीर्वचन में बच्चों से कहा कि अगर आप जीवन में किसी भी क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो उसके लिए आपके पास न्यूनतम शैक्षणिक स्तर को अच्छे अंकों के साथ पास करना होगा। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए कहा कि आप जिस प्रकार की भी तैयारी करते हैं उसमें आपका लगन, मेहनत और श्रद्धा अवश्य होनी चाहिए।

## जन कल्याण परिषद समिति ने स्कूल मे दिया आरओ मशीन




स्कूल मे दिया आरओ मशीन।

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जन कल्याण परिषद समिति ने बरकट्ठा प्रखंड के सलैया गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आरो मशीन भेट किया। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को पीने के लिए शुद्ध जल नही मिल रही थी। इसी को ध्यान मे रखते हुए समिति के सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों एंव बच्चों के बीच आर ओ मशीन दान किया। स्कूल में लगे बोरवेल से निकलने वाले पानी का टीडीएस 12 सौ बढ़ा है, जो नोर्मल पानी से काफी खराब है। इस पानी के सेवन करने से स्कूल में अध्ययनरत कर रहे बच्चों के सेहत पर प्रभाव पड़ रहा था। दूषित पानी सेवन करने से जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा है। स्कूल के शिक्षकों का कहना हैं कि जन कल्याण के द्वारा स्कूल मे आरो लगाने से बच्चों एंव शिक्षकों को पीने को शुद्ध जल मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का महाभंडारा कार्यक्रम संपन्न



**कोडरमा।** गुरूवार को दधीमाटी में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भंडारा का महाप्रसाद वितरण किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने भी इस महायज्ञ के भंडारा में सम्मिलित हुई एवं महाप्रसाद ग्रहण किया एवं नव निर्मित मन्दिर सह नव नामाकरण के अनुसार सिद्धेश्वर महादेव का दर्शन किया। उन्होंने पहले वार्ड नंबर एक में राजा तालाब के समीप नव अवस्थित चित्रगुप्त भगवान के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हो प्रसाद का वितरण किया, तत्पश्चात दूधीमाटी मंदिर में आयोजित भंडारा में सम्मिलित हुई। उन्होंने मन्दिर प्रबंधन समिति के सारे सदस्यों को यज्ञ को सफल बनाने में उन सभी के अहम योगदान को देखते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक पति विजय यादव, गदाधर शर्मा, सुखदेव यादव, दुर्गा राय, पुजारी संजीव यादव, चंदन सिंह, नरेंद्र सिंह, कमलेश यादव, अभय कुमार, सौबिक दत्ता, संतोष शर्मा, विकास सिन्हा, बिनेश सिन्हा, विक्रम सिन्हा, पुरुषोत्तम कुमार, अरविंद कुमार, सौरभ कुमार, रणधीर शर्मा, रवींद्र यादव, प्रशांत शर्मा, सुबोध यादव, राजेश शर्मा, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

### इलेक्ट्रॉल बॉन्ड मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक : माकपा



**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का झारखंड राज्य सचिव मंडल सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि इस फैसले ने अज्ञात कॉरपोरेट दाताओं द्वारा सत्ताारी पार्टी का खजाना भरने के लिए बनाई गई इस योजना को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। हमारी पार्टी सीपीआई (एम) ने खुद शुरुआत में घोषित किया था कि पार्टी चुनावी बॉन्ड स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि यह योजना भ्रष्टाचार को वैध बनाती है। सीपीआई (एम) ने अन्य याचिकाकर्ताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती दी थी। यह स्पष्ट है कि इस योजना के खिलाफ दायर याचिका के सभी मुख्य आधारों को फैसले में बरकरार रखा गया है। अब यह आवश्यक है कि पारदर्शिता, पैसे और चुनाव में बराबरी का मैदान सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक और चुनावी अनुदान के लिए जनवादी सुधारों को सामने लाया जाए।

### पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश की पूजा कर यजमानों को कराया यज्ञशाला में प्रवेश



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के भगवतीडीह में चल रहे श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं चोपनाडीह के बेलाडीह ताराटांड़ गांव में हो रहे शतचंडी महायज्ञ के निमित्त गुरुवार को महायज्ञ में आए वैदिक विद्वानों ने गुरुवार को पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश की पूजा कर यजमानों को यज्ञशाला में प्रवेश कराया। सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण की वनि से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञाचार्य के अलावे यज्ञ कार्य में लगे विद्वानों ने गणपति पूजन के पश्चात पंचांग पूजन करते हुए मंडप प्रवेश की पूजा की। इस दौरान यज्ञ के यजमानों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे। इस दौरान यज्ञ समिति के सदस्य व स्थानीय लोग पूरी तन्मयता से यज्ञ कार्यक्रम के संचालन में सहभाग करते रहे। मंत्रों की गूंज के बीच धूप दीप नैवेद्य की सुगंध जैसे चारों तरफ फैलती जा रही थी, वैसे वैसे वातावरण अपने आप दिव्यता को धारण करता चला जा रहा था। यज्ञ समिति द्वारा सभी के ठहरने व भोजन के उचित प्रबंध किए गए है। श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष रूप से बैठने आदि की व्यवस्था की गई है।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में पाई सफलता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता पाई है। इन छात्रों में युग बड़गवे, दिव्या कुमारी, शुभम कुमार, शशिकान्त मोदी, सुहानी कुमारी और पियूष कुमार मोदी के नाम शामिल हैं। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि इन छात्रों ने आईआईटी-जेईई मेन 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि जिसमे युग बडगवे ने एनटीए 2024 में सर्वाधिक स्कोर 99.62 परसेंटाइल के साथ जिले का टॉपर बना है। जबकि दिव्या कुमारी का एनटीए स्कोर 88.58 एवं शुभम कुमार का एनटीए स्कोर 82.83 रहा है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, संजय तिवारी, विक्रम कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, रणजीत सिंह, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, पवन ठाकुर, राकेश पांडेय, कुंदन राणा समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ढिबरा मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी रहा जारी

## महिलाओं ने संभाला मोर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ढिबरा मजदूरों का धरना समाहरणालय में चौथे दिन भी जारी रहा। चौथे दिन इंदरवा बस्ती और तिलैया बस्ती के ढिबरा मजदूरों ने आंदोलन की कमान संभाली। बतादें की ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने आंदोलन को लंबे दिनों तक चलाने को लेकर 100 गांव के ढिबरा मजदूरों को एक-एक दिन धरना की कमान संभालने की जिम्मेवारी दी है।

धरना में पुरुष मैनेजमेंट की जिम्मेवारी संभाल रहे, वहीं महिलाएं धरना को संभाल रही है। बारिश के कारण टेंट में रना जारी है, जबकि आंदोलनकारी टेंट में ही भोजन खुद बना कर तैयार कर रही है। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने बताया कि प्रशासन आंदोलनकारियों से फिलहाल दूरी बना कर रखी है, वार्ता की कोई पहल संघ की ओर से नही की जाएगी। धरना लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ढिबरा का मुद्दा इस बार सामाजिक, राजनीतिक स्तर पर बदलाव लाएगी। जो लोग ढिबरा मुद्दा पर 5 साल खामोश रहे, उन्हें जनता जबाव देगी। मौके पर राजकिशोर सिंह, मो इस्लाम, प्रकाश कुमार, विकास कुमार, दिनेश यादव, मो मुस्तकीन, ललित कुमार, विलास कुमार, सोनू दास, बबलू कुमार, दिनेश तुरीया, मनोज कुमार सिंह, दरोगी प्रसाद सिंह, नीतीश तुरी, भोला तुरी, मसोमात गायत्री, सावित्री देवी, मुंदरी देवी, राीया, चमेलवा देवी, देवन्ती देवी, प्रमिला देवी, बसंती देवी, कारी देवी, मो गीता, बलिया देवी, चिंता देवी, बिशनी देवी, गुड़िया देवी, पार्वती देवी, मंजु देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, मुन्नी देवी, लीला देवी, कुलवा देवी, लीला देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### बच्चों ने नम आंखों से याद किया स्कूल के दिन : निदेशक

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल में गुरवार को विद्यालय प्रांगण में 2023-24 सत्र के 10वीं व 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया, साथ ही क्लास नाइंथ के बच्चे तथा इलेवंथ के बच्चों ने अपने सीनियर के फेयरवेल विदाई समारोह में एक से बढ़कर एक नृत्य-गीत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को संबोधन में कहा कि यह तो हम सभी जानते हैं कि छात्र और शिक्षक दोनों ही एक दूसरे के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और इनका आपस में महत्वपूर्ण संबंध होता है। शिक्षक भले ही छात्रों को शिक्षित करते हैं, मगर उन्हें अपने छात्रों से भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। जहां एक तरफ वो उन्हें किताबी शिक्षा के साथ-साथ, अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाकर उन्हें समय का पाबंद और एक जिम्मेदार व्यक्ति बनाते हैं, तो वहीं दूसरी ओर छात्र अपनी शिक्षा, संस्कार और समझदारी का परिचय देते हुए सफलता प्राप्त करते हैं और अपने शिक्षकों का मान बढ़ाते हैं। सम्मान समारोह में प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी, चंदन व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को मोमेंटों देकर सम्मानित किया।

## ग्रिज़ली विद्यालय के 5 छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिज़ली विद्यालय के पांच छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) (मुख्य) 2024 में सफलता प्राप्त की है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विद्यालय के छात्र रोहित कुमार, श्रेया कुमारी, सुफियान अहमद, संगम संजय मोदी और प्रसून सांडिल्य ने यह सफलता हासिल की है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में प्राप्त सफलता छात्रों की असाारण समर्पण, बुद्धिमत्ता और दृढ़ता का परिचय है। विद्यालय के छात्र रोहित कुमार ने 97 परसेंटाइल, श्रेया कुमारी ने 96.1 परसेंटाइल, सुफियान अहमद ने 95.2 परसेंटाइल, संगम संजय मोदी ने 93.1 परसेंटाइल और प्रसून सांडिल्य ने 82 परसेंटाइल के साथ इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर ग्रिजली विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, उप प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव, शिक्षक संजीव कुमार जयसवाल, विजय कुमार, नागेंद्र कुमार, रवि शंकर, संतोष कुमार, कुमार राजीव, रणविजय सिंह, दीपक पांडेय एवं पुरे विद्यालय परिवार ने सफल छात्रों तथा उनके अभिवावकों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी एवं आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मां सरस्वती पूजा धुमधाम से मनाया

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड में सरस्वती पूजा को लेकर विभिन्न कोचिंग एवं विद्यालयों में सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा में सभी विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं मां सरस्वती की वंदना किए तथा आरती गान गाया, तत्पश्चात् विद्यार्थियों तथा अतिथियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### सरस्वती माता की दी गई नम आंखों से विदाई

**कोडरमा।** नगरखारा स्थित ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा सरस्वती माता की विदाई नम आंखों से दी गई। वहीं डीजे के ुन पर विद्यार्थी झूमते हुए सरस्वती माता की जय, साल भर पर आती है, विद्या देकर जाती है यादि जयघोष किया। इस दौरान सभी शिक्षक व विद्यार्थियों के आंखें नम थी।

### रविदास समाज की बैठक

**सिमरिया।** प्रखंड के बानासाड़ी गांव में गुरुवार को रविदास जयंती मनाने को लेकर रविदास समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नरेश राम ने की। बैठक में जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष गोपाल राम, सचिव सुमन कुमार रवि, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, उपकोषाध्यक्ष राजेश कुमार और मीडिया प्रभारी किशुन राम को बनाया गया। संरक्षक में बजरंगी राम, संजय राम, नरेश राम, प्रदीप राम, बुधन राम, कामदेव राम, राजेश राम, खिरोधर राम व खुशियाल राम, जबकि दुर्गेश राम, रौशन कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार, रोहित कुमार, रामप्रवेश राम और संतोष राम कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। बैठक में सदस्यो ने 24 फरवरी को जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में समाज के लोगो को हक अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही समाज में फैली कुरूतियो को दूर करने और अंधविश्वास से निकलने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में लोगो ने शिक्षित समाज का निर्माण करने का निर्णय लिया। मौके पर बुधन प्रताप मेहरा, प्रकाश राम, राजेश मेहरा, रामप्रीत राम, प्रकाश राम, सोमर राम, त्रिलोकी राम, अशोक राम, कुलेश्वर राम, सुरेश राम, गुरुदयाल राम, रौशन, नेमधारी, निखिल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए हुई समीक्षा बैठक

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में होंगे शामिल




### देश के जाने माने व स्थानीय कलाकार तीन दिवसीय महोत्सव में बांधेंगे समां

अनुमंडल पदाधिकारी चतरा द्वारा बताया गया कि 19 फरवरी 2024 को श्री विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय इटखोरी, मुकुन्द नायक एवं ग्रुप, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप, अल्ताफ राजा एवं ग्रुप, अक्षरा सिंह। 20 फरवरी 2024 को सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, शालीनी दुबे एवं ग्रुप, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, रोहित आर के एवं ग्रुप, बिनोद राठौर एवं ग्रुप, 21 फरवरी 2024 को बीएसएफ हजारीबाग, मृणालिनी अखौरी, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, रजत आनन्द एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप, राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 का समापन एवं भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के सफल आयोजन हेतु बैठक की गई। बैठक से पूर्व मंत्री के समाहरणालय परिसर आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक में महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी व कार्य प्रगति से संबंधित जानकारी दी गई। मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी का सराहना करते हुए कहा कि इसका खास ख्याल रखा जाय कि पूर्व में हुए महोत्सव की भांति इस वर्ष भी महोत्सव भव्य हो। तीन दिवसीय महोत्सव में दूर दराज से लोग आस्था के साथ पूजा अर्चना करने और कार्यक्रम को देखने के लिए आते है। इस लिए आम जनों को समस्या न हो उसके लिए पूरी तरह व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाय। वहीं उपायुक्त ने कहा राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन 2015 से भव्य रूप से मनाया जाता रहा है।

### महोत्सव प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

समाहरणालय परिसर से राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के प्रचार प्रसार हेतु मंत्री, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त ने महोत्सव प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उक्त बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, समाज सेवी पंकज प्रजापति, इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह के दिग्थू में श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरित मानस नवाहन महायज्ञ के भव्य कलश जल यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि वज्रधारी बाबा महामंडेश्वर महाराज सुखदेव दास जी महाराज, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, चंदवारा पूर्वी जिला परिषद सदस्य महादेव राम, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह कांको पंचायत के मुखिया श्यामदेव यादव, पिपराडीह पंचायत के मुखिया कल्याणी देवी, पिपराडीह पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, अधिवक्ता राजेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया। वहीं कलश जल यात्रा में 1251 महिलाओं ने सिर पर कलश लिए पिपराडीह बंदाचक बाइसोडीह हरली पोकडंडा होते हुए उतरवाहिनी नदी पहुंची, जहां अयोध्या से आए यज्ञाचार्य शिवशंकर पाण्डेय, शिक्षक रविंदर पाण्डेय ने अपने पंडितों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ जल भरवाया। तत्पश्यात पुनः कलश जल यात्रा लेकर द्विथू स्थित यज्ञशाला पहुंचा। वहीं यज्ञ के अयक्ष ने बताया कि प्रत्येक दिन झांसी, यूपी से प्रवचनकर्ता आराध्या जी से क्थावाचिका संध्या शाम 7 बजे से किया जाएगा। वहीं काफी संख्या में लोग जय श्री राम जय जय बजरंग बली की जय के नारे लगा रहे थे। वहीं कुछ महिला श्रद्धालू अपनी गीत गा रही थी। मौके पर बालेश्वर यादव, किरण कुमारी, रेखा देवी, रीना देवी, माधुरी देवी, बिनोद यादव, सुरेन्द्र यादव, रवि यादव, अशोक यादव, मनोज यादव, उपेंद्र यादव, दामोदर यादव, श्यामसुंदर यादव, सकलदेव यादव, प्रदीप यादव, शांति देवी, सुमित्रा देवी, प्रियंका देवी, गायत्री देवी, गुड़िया कुमारी, संगीता देवी, नेहा कुमारी, आशा देवी, रघुनाथ यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### भारतीय जनता पार्टी नारी शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला में शक्ति वंदन जिला कार्यशाला की बैठक सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी उपस्थित हुई। बैठक की अयक्षता जिला उपायक्ष देवनारायण मोदी तथा संचालन महामंत्री राजकुमार यादव ने किया। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन सभी जिलों में किया जा रहा है। प्राानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं को आरक्षण, घर-घर गैस कनेक्शन, प्राानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन दे रहे हैं। 22 फरवरी को प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 करोड़ महिलाओं से सीाा संवाद करेंगे। जिसका सीाा प्रसारण सभी मंडल के कार्यकर्ता देखेंगे और सुनेंगे। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह, बेदु साव, अरशद खान, सुरेश यादव, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, गोपाल कुमार गुतुल, महेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, चन्द्रशेखर जोशी, नरेंद्र पाल, विजय यादव, मुकेश राम, द्वारिका राणा, सुरेंद्र यादव, रामदेव मोदी, दीप नारायण सिंह, मनोज साव, पप्पू पाण्डेय, जाहिद हुसैन, कृष्ण ब्रहपुरिया, सुीर यादव, नंदकिशोर सोनी आदि मौजूद थे।

### किसानों पर बर्बर दमन के खिलाफ मोदी सरकार का पुतला दहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** किसान आन्दोलन पर बर्बर लाठीचार्ज, आंसू गैस, रबर गोली व गिरफ्तारी के खिलाफ कोडरमा गांाी चौक पर मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा और केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अन्नदाता किसानों पर दमन नहीं चलेगा, किसानों पर लाठीचार्ज, रबर बुलेट चलाने वाली मोदी सरकार हाय हाय, किसानों के फसलों के लिए एमएसपी का कानून बनाना होगा, 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल सफल करो, मोदी हटाओ, देश बचाओ के नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम में महेन्द्र तुरी, बाबुलाल साव, सरफराज अहमद, अभ्रोज्योति सरकार, सुरेश कुमार, इश्वरी राणा आदि मौजूद थे।

### संत सरस्वती आवासीय विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के हलकुशा स्थित संत सरस्वती आवासीय विद्यालय में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रखंड प्रमुख ललीता देवी, मुखिया सदानंद यादव, विद्यालय निदेशक कृष्णनन्दन प्रसाद, समाजसेवी दीपेश अग्रवाल, विकास पांडेय, राघो प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर विवित शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के द्वारा प्रार्थना व सरस्वती वंदना के साथ की। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा समूह नृत्य, रिकॉर्डिंग नृत्य, देशभक्ति गीत एवं अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं दर्शकों ने छात्र छात्राओं के प्रत्येक कार्यक्रम प्रस्तुति पर तालियां बजाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। मौके पर विद्यालय के निदेशक व विद्यालय परिवार के द्वारा कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिायों, पत्रकारों, समाजसेवियों व गण्यमान्य लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### 20 से 22 तक लगेंगे पंचायतवार शिविर : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** महिलाओं, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के 50-60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने के लिए 20 से 22 फरवरी तक पंचायतवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने सभी बीडीओ व सीओ के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग के मायम से बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। डीडीसी ने पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रचार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बूथ लेवल आफिसरों के मायम से प्रचार-प्रसार कराकर संभावित लाभुकों के बीच पेंशन से संबंाित आवेदन प्रपत्र वितरण करने का निर्देश दिए। साथ ही इस योजना से संबंाित आवेदन के लिए प्रचार-प्रसार करने व आवेदन पत्र संग्रहण से संबंाित कार्य में मुखिया व पंसस का सहयोग लेने के निर्देश दिए। पेंशन से संबंाित आवेदन प्रपत्र का वितरण आवेदक से मतदाता फोटो पहचान पत्र की प्रति प्राप्त कर बीएलओ के सहयोग से किया जाएगा। पेंशन योजना के लिए आवेदन के समय यदि किसी आवेदक के पास जाति प्रमाण पत्र बनने के लिए दिये गये ऑनलाइन आवेदन के पावती रसीद के साथ आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में अभिषेक आनंद व सभी बीडीओ व कोडरमा एवं डोमचांच के सीओ मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### नम आंखों से दी गयी मां सरस्वती की विदायी

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में बसंत पंचमी के दूसरे दिन विद्या की देवी मां वीणावादिनी को गुरुवार को भावपूर्ण एवं नम आंखों से विदाई दी गई। विदाई के पूर्व बालूमाथ प्लस टू हाई स्कूल, गर्ल्स स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, विद्या कोचिंग सेंटर, किड्स स्कूल, बीएस मेमोरियल स्कूल समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पंडितों द्वारा विधिवत हवन किया गया ।प्रतिमा विसर्जन को लेकर दोपहर से ही तैयारियां कर रहे थे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शोभायात्रा बालूमाथ ब्लॉक, थाना चौक, मुरपा मोड़ समेत विभिन्न सड़कों से गुजरती रहे एव विभिन्न पूजा पंडालों द्वारा अलग-अलग जुलूस निकाली गई इस दौरान शोभायात्रा में शामिल विद्यार्थी व अन्य लोग डीजे के धुन में नाचते और थिरकते व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते चल रहे थे ।इसके बाद शाम होते ही विभिन्न जलाशयों में प्रतिमा को विसर्जन कर दिया गया । इस दौरान बालूमाथ पुलिस प्रशासन प्रतिमा विसर्जन यात्रा में विशेष नजर बनाए हुए थी साथ ही प्रतिमा विसर्जन जुलूस में भी पुलिस के जवान साथ-साथ चल रहे थे।

### मनिका प्रखंड में मां सरस्वती की पूजा हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न


विसर्जन के लिए ले जाते प्रतिमा।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दिन बुधवार को सभी पंडालों में मां सरस्वती की पूजा मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत रूप से की गई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं दिन गुरुवार को क्षेत्र के मंदिर,विद्यालय एवं विभिन्न पूजा स्थलों से मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन करने को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य तरीके से विसर्जन जुलूस निकाला गया जुलूस में श्रद्धालु भक्ति गानों में नाचते-गाते देखे जा रहे थे डीजे में बज रहे भक्ति गानों से पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक मां सरस्वती को विदाई दिया और भाव-भिन्नी आंखों से प्रतिमा का विसर्जन किया। मौके पर निक्की कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, उत्तम कुमार, अनुपम कुमार, अमित प्रजापति, रोहित गुप्ता, पवन सोनी, राजा सोनी, मिथलेश पासवान, विनय मंदीलवार, उमा गुप्ता, संतोष प्रसाद, संजय प्रसाद, उमेश प्रसाद, अभय कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में लातेहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया


रसोईया को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** लातेहार जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंदनडीह के प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता में लातेहार प्रखंड ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रखंड चंदवा एवं तृतीय स्थान बरवाडीह प्रखंड प्राप्त किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोइया उषा देवी एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोचरा की रसोइया सुनीता देवी ने लातेहार प्रखंड का प्रतिनिधित्व किया। ज्ञात हो कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने वाले रसोइयों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार, एडीपीओ अनूप केरकेट्टा के द्वारा विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर इन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर एपीओ मनोज मिश्रा, संतोष कुमार, राहुल कुमार, मंतोष कुमार, शारदा कुमारी, आलोचना कुमारी, रिचा कुमारी, बाल संसद के सदस्य गण आदि उपस्थित थे। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, संजीव कुमार चंद्र, विकास शर्मा, अजय कुमार, प्रभावती देवी, प्रमोद कुमार पांडे ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेताओं को बधाई दिया।

### प्रखंड स्तरीय रबी सह मिलेट्स कार्यशाला का हुआ आयोजन


कार्यशाला का शुभारंभ करते अधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में गुरूवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय रबी सह मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदन कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला बागे,एटीएम मो शमीम, बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात बीससुत्री अध्यक्ष गंझु ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश जिनका आर्थिक रीढ़ कृषि पर आधारित है को बेहतर बनाने के लिए इस तरह के कार्यशाला की जरूरत है ताकि किसान पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से ऊपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करें। जिला परिषद राम ने कहा कि खेत में धान की कटाई हार्वेस्टर से होती है उससे जो अवशेष पराली बचता है उसे जलाना नहीं है।

## लापरवाही : खुरा में शिलान्यास के बीस दिनों बाद भी शुरू नहीं हुआ पुल का निर्माण कार्य

# दो दिनों के अंदर शुरू नहीं हुआ कार्य तो संवेदक पर होगी कारवाई : पूनम देवी

- चार वर्ष पूर्व बह गया था बीस वर्ष पूर्व हुआ था पुल का निर्माण
- टेंडर लेकर घर पर बैठा है ठेकेदार, अफसरों को भी कार्य शुरू कराने की चिंता नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत खुरा पंचायत में भुनेश्वर राम के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास हुए बीस दिन से ऊपर हो गए है, लेकिन संवेदक द्वारा अब तक कार्य को प्रारंभ करने में किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है, और न ही कार्यस्थल पर अब तक मेटेरियल ही गिराया गया हैं।


पुराने पुल का अवशेष।

टेंडर लेकर ठिकेदार घर में बैठा हुआ है और अधिकारियों को भी कार्य शुरू कराने की चिंता नहीं हैं। जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त हैं। स्थानीय निवास उपेंद्र पासवान ने कहा कि यह पुलिया का निर्माण होना काफी जरूरी है, क्योंकि दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में तो आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। ग्रामीणों को लंबी दूरी तयकर मुख्यालय आना जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस पुलिया के निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी थी। लेकिन ठिकेदार और विभाग की उदासीनता के कारण अब तक निर्माण कार्य को लेकर किसी तरह की सुगबुगाहट नहीं देखी जा रही है।

**विधायक ने किया था शिलान्यास**

बता दें कि इस पुलिया का शिलान्यास मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह और जिप सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा बीते माह 27 जनवरी को किया गया था। इसके साथ ही विधायक ने छेंचा पंचायत अंतर्गत चपरी में मेलाटांड़ से मजूरमरी टोला तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भी उसी दिन किया गया था। इस पुल और उक्त सड़क दोनो का संवेदक एक ही है। चर्चा यह भी है कि दोनो योजनाओं को ठिकेदार द्वारा किसी अन्य को पेटी पर देने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में योजना को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की जगह कही यह दोनो योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए इसे लेकर ग्रामीणों में चचाएं होने लगी हैं, क्योंकि खुरा में बीस साल पहले पुल का निर्माण किया गया था जो कि लगभग चार वर्ष पूर्व ही बह गया हैं। लोगों ने नवपदस्थापित उपायुक्त गरिमा सिंह से मामले में संज्ञान लेकर कार्य प्रारंभ कराने की गुजारिश की हैं।

**क्या कहते है जिप अध्यक्ष**

लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी से इस संबध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नही है। मैं अभी विभाग से बात करती हूं। वहीं मामले को संज्ञान में लेते हुए जिप अध्यक्ष ने फौरन ही जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता से इसकी जानकारी ली और दो दिनों के अंदर कार्य शुरू करवाने का आदेश दिया। जिप अध्यक्ष ने कहा की अगर दो दिनों के अंदर कार्य शुरू नही होता है, तो संवेदक पर कार्रवाई की जायेगी।

## डेमू गांव में युवक का कुल्हाड़ी से मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डेमू गांव में बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। युवक की पहचान डेमू गांव निवासी उपेंद्र सिंह (21) के रूप में हुई है। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के कई जगह निशान भी हैं। युवक का शव घर के पास एक नाले से मिला है। गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने युवक के शव को देखा। तो इसकी सूचना पंचायत के मुखिया पति गोपाल सिंह को दी। गोपाल सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, मृत युवक के पिता दिनेश सिंह ने बताया कि उपेंद्र सिंह बुधवार को कुछ युवकों के साथ अपने घर से निकला था। जानकारी मिली की कुछ दोस्तों के साथ शराब पी रहा है। हमलोगों ने सोचा कि सरस्वती पूजा को लेकर गांव में कहीं रुक गया होगा। इसी बीच गुरुवार को कुछ ग्रामीणों ने सूचना दी कि उपेंद्र सिंह का शव घर के पास स्थित नाले में पड़ा हुआ है। घटनास्थल पहुंचा तो बेटा का शव नाला में पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि सिर समेत शरीर के कई जगह कुल्हाड़ी से मारने का निशान भी है। इधर, उपेंद्र सिंह की हत्या की खबर गांव में फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।

**युवक का होना था विवाह, कुछ दिन पहले ही आया था घर**


फोटो:3 मृत युवक का पड़ा शव।

मृत युवक की मां कौशल्या देवी ने बताया कि उपेंद्र सिंह गांव से बाहर रहकर काम करता था। उसका विवाह तय हो गया था। विवाह को लेकर ही वह कुछ दिन पूर्व घर आया था। बुधवार को गांव के कुछ युवकों के साथ घूमने गया था। लेकिन रात में घर नहीं आया। सुबह सूचना मिली कि बेटा की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। मुझे शक है कि उन लोगों द्वारा ही बेटा की हत्या की गई है। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर में

### रणधीर कुमार ने चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी के रूप में दिया योगदान


रणधीर कुमार।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार ने गुरुवार को चंदवा थाना के पुनि सह थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया। उन्हें प्रभारी थाना प्रभारी अशोक कुमार ने उन्हें चार्ज दिया। योगदान के उपरांत उन्होंने ने थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से शिष्टाचार मुलाकात कर अपराध नियंत्रण को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित करते हुए क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण कायम करना व अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बता दें कि विगत नवम्बर माह से चंदवा थाना में पुलिस निरीक्षक का पद खाली था।

### विकास योजनाओं का धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता: गरिमा सिंह


प्रेस वार्ता करते डीसी गरिमा सिंह।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी के कार्यालय में गुरूवार को नवनियुक्त उपायुक्त गरिमा सिंह ने प्रेस वार्ता किया। इस दौरान सभी पत्रकार से उनका परिचय प्राप्त किए। वहीं उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि लातेहार जिले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही लातेहार के भौगोलिक स्थिति, जनसमस्या, योजनाओं की जमीनी स्तर की समीक्षा, विकास से संबंधित चर्चा किया गया। इस दौरान योजनाओं की वार्ता में पत्रकार द्वारा बताया गया अभी के समय में पीएचडी विभाग के द्वारा नल-जल योजना संचालित था जिसके तहत प्रत्येक गांव में जलमिनार लगाया गया है लेकिन 60-70 प्रतिशत जलमिनार खराब पड़ा है या कुछ न कुछ समस्या आ चुकी है। जो लगातार अखबारों में प्रकाशित भी किया गया है। साथ ही तालाब में हो रहे धांधली को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही विभिन प्रखंड में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में भी डीसी साहिबा को अवगत कराया गया। मौके पर काफी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

### जयकारे के साथ सरस्वती माँ का प्रतिमा विसर्जन किया गया

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, साल्वे, फूलसु, बालूभांग, डाढा, अमरवाडीह, टोटी, सिबला पंचायत मे सरकारी गैर सरकारी संस्थानों मे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ सरस्वती माँ का प्रतिमा विसर्जित किया गया। झलकी टोला भाट चतरा, बेसरा, बारा, फूलबसिया, राजगुरु, गड़गोमा, बरछिया, करमा, पिपराडीह सहित दर्जनों सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय मे छात्र छात्राओं सहित ग्रामीणो ने सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापित कर बुधवार को वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना की गई थी। पूजा सम्पन्न होने के बाद गाजेबाजे के साथ जयकारे लगाते हुए अपने अपने नजदीकी तालाब व पवित्र जल मे मूर्ति विसर्जन किया। इधर प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में हर्षोल्लास के साथ ज्ञान विज्ञान कला के देवी मां शारदे का प्रतिमा विसर्जन किया गया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया की यह पूजा दो दिनों तक किया गया जिसमें सभी भैया/बहनों एवं आचार्य जी/ दीदी जी ने भाग लिया। विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन विधिवत कृष्ण कुमार मिश्र द्वारा किया गया। विद्यालय में मां शारदे की पूजन में विधि व्यवस्था बाल भारती एवं कन्या भारती के भैया/बहनों के द्वारा प्राप्त हुआ। प्रतिमा विसर्जन में मुख्य रूप से आचार्य शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार ठाकुर आचार्या खुशबू कुमारी, विनीता कुमारी, मधुबाला कुमारी एवं कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के सभी भैया/बहनें उपस्थित थे।

### मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ त्यौहार

**बरवाडीह।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर गुरुवार को प्रखंड के सभी सरकारी, गैर सरकारी और शैक्षिक संस्थानों के साथ-साथ अन्य स्थानों में स्थापित माता सरस्वती की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए अपने-अपने परिवार और शुभचिंतकों के लिए ज्ञान, सद्बुद्धि और सुख शांति की कामना करने की कामना की गई। हवन पूजन और आरती करते हुए सुहागिन महिलाओं के द्वारा खोईचा भरने की रस्म पूरी कर मां सरस्वती को विदाई नम आंखों से दी गई। वहीं प्रखंड के मंगरा उच्च विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर आयोजन समिति के द्वारा बुधवार और गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति दी गई। वहीं गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन के पूर्व हवन पूजन कार्यक्रम में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के साथ-साथ काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के मंगरा, चमरडीहा, गढ़वाटांड़, आदर्श नगर मोड़ और बाजार दुर्गा मंडप समेत कई स्थानों में भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसके बाद देर शाम तक प्रशासन की मौजूदगी में विद्यार्थियों और पूजा समितियों के द्वारा टेंपू, ट्रेक्टर आदि पर मां सरस्वती की प्रतिमा को लेकर विसर्जन के लिए रवाना हुए। इस क्रम में जगह-जगह पर विद्यार्थियों एवं पूजा कमिटी द्वारा अबीर और गुलाल एक दूसरे के बीच उड़ाए गए। प्रतिमा विसर्जन जुलूस प्रखण्ड के मुख्य मार्गो से होता हुआ आदर्श नगर नदी समेत अन्य जलाशय पहुंचा। जहां नदी के किनारे मां सरस्वती की प्रतिमा को पांच बार चहुंदिशा में घुमाकर जल की धारा में विसर्जित कर दिया गया।

### देशरानी डेयरी एंड स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ


उद्घाटन करते पूर्व विधायक।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के मेन रोड स्थित व्यवहार न्यायालय के सामने मार्केट कॉम्पलेक्स मे गुरूवार को देशरानी डेयरी एंड स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक प्रकाश राम, पिछडा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव व समाजसेवी सुबोध प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री राम ने कहा कि नये प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र के विकास का परिचायक होता है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय मे ऐसे प्रतिष्ठान की आवश्यकता थी जिसे देशरानी डेयरी एंड स्वीट्स से पूरा होगा। मौके पर विजय सिंह, मोहर सिंह यादव, अधिवक्ता सुनील कुमार, प्रदीप कुमार उपाध्याय, विक्रांत सिंह व प्रिंस कुमार गुप्ता, के अलावा राजू सिंह, महेंद्र सिंह, पवन कुमार, रविंद्र प्रसाद, उदय भानु, कृष्णा गुप्ता, अनील सिंह, बद्री प्रसाद, मिंकू प्रसाद, पंचम कुमार, मो अब्बास अली, रविंद्र अग्रवाल, संजीत गुप्ता, पंकज प्रसाद, योगेश प्रसाद, रंजीत यादव, संतोष यादव, मिशाल जायसवाल, विशाल कुमार के अलावा संचालक बबन सिंह व गोलू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### 50 वर्ष के एससी, एसटी, पुरुषों एवं महिला को अब मिलेगा वृद्धा पेंशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर गुरूवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में जाकर आमलोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। आगे उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50 साल के महिला, एससी, एसटी, पुरुषों में एससी, एसटी (पुरुषों में जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य) को वृद्धावस्था पेंशन का निर्णय लिया है। पूर्व में वृद्धा पेंशन 60 की आयु के बाद मिलती थी, पर अब 50 वर्ष की आयु के बाद ही पेंशन मिलने लगेगी। क्योंकि सभी वर्ग की महिलाएं व अनुसूचित जाति-जनजाति के पुरुष आर्थिक और सामाजिक रुप से पिछड़े हुए हैं इसलिए उनके जीवनस्तर को सुदृढ़ बनाने के लिए आर्थिक रुप से सहायता की जरुरत है। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन करना होगा। इसके तहत लाभुक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति जमा करें। ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी को आवेदन समर्पित करें। आवेदन के जांचोपरांत योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। जिले अंतर्गत 20 फरवरी से 22 फरवरी 2024 तक सभी प्रखण्डों के पंचायतों में एवं शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड में विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है।


रवाना करती डीसी गरिमा सिंह।

**शिविर में आवेदन देकर योजना का लाभ उठाएं**

इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज आदि उपस्थित थे।

## हाई स्कूल की विवादित जमीन पर प्रशासन ने लगाया धारा 144, काम कराया बंद

**चंदवा।** स्थानीय प्लस 2 हाई स्कूल की लगभग 13 डिसमिल जमीन को लेकर विद्यालय प्रबंधन व रूपेश उरांव के बीच चल रहे विवाद व स्थिति तनावपूर्ण होते देख प्रशासन ने न्यायालय अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश के आलोक में धारा 144 लगा दिया है। मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारी, एसडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को आवेदन देकर प्रशासन के काम को रोकने का आग्रह किया था, जिसके बाद बुधवार को विवादित जमीन पर कार्य करने को लेकर किये जा रहे प्रयास को प्रशासन द्वारा रोका गया व दोनो पक्षो को एसडीपी कोर्ट द्वारा जारी निर्देश की प्रति देते हुए दोनो एसडीओ कोर्ट के समक्ष 20 फरवरी को प्रेच्छा दाखिल को लेकर समय दिया गया है। बता दें कि विद्यालय प्रबंधन व रूपेश उरांव के बीच उक्त जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। विद्यालय प्रबंधन का दावा है कि उक्त जमीन स्कूल की है वहीं रूपेश उरांव का दावा है की जिस जमीन पर वह कार्य कर रहा है वह जमीन उनकी रैयती जमीन है, जिसका कागजात भी उसके पास है।


मौके पर मौजूद लोग।

## मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में मिल सकती है जगह

# पलामू प्रमंडल में संगठन को मिलेगी मजबूती, कार्यकताओं का बढ़ेगा मान : नसीम अंसारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** शुक्रवार को होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह को कांग्रेस कोटे से मंत्री बनाए जाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी और कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने खबर मंत्र से बातचीत में बताया कि रामचंद्र सिंह पूरे पलामू प्रमंडल में इकलौते कांग्रेस के विधायक है, और तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी हराकर विधायक बने हैं। कार्यकताओं के साथ समाज के सभी वर्गों में इनकी पकड़ बहुत मजबूत है। आदिवासी समाज के सबसे मजबूत और लोकप्रिय नेता होने के साथ ही इन्हें झारखण्ड विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजा गया है। इनके मंत्री बनने से पूरे पलामू प्रमंडल में संगठन को मजबूती तो मिलेगी ही साथ ही पूरे क्षेत्र का समुचित विकास भी होगा। नसीम अंसारी ने बताया कि पूरे प्रमंडल में कार्यकताओं द्वारा पूर्व से ही रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाने की मांग आलाकमान और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से की गई हैं, और कार्यकताओं को पूरा विश्वास है कि अनुभव और वरीयता के आधार पर रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जरूर शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाया जाता है तो आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पूरे पलामू प्रमंडल में इसका प्रभाव तो देखने को मिलेगा ही साथ ही कार्यकताओं के साथ क्षेत्र की जनता का भी सम्मान होगा। इस मौके पर समाजसेवी नजाम अंसारी, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, नगर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, सहाबुद्दीन खान, अंतू साव, कमलेश प्रजापति, दिलावर अंसारी, मो सईद, जयप्रकाश रजक, भगवान साव, शमशुल अंसारी, सिदेश्वर पासवान और विष्णु राम समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।


खबर मंत्र से बातचीत करते प्रदेश स्तर के नेता।

## समाजसेवी व कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

# हमेशा सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे अर्जुन बाबू : विक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कांग्रेस नेता व समाजसेवी स्व.अर्जुन सिह की चौथी पुण्यतिथि घुटियाटांड-कदमाडीह स्थल सामुदायिक भवन मे मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों द्वारा स्व. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। साथ हीं उनके व्यक्तित्व की चर्चा की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा बोकारो जिला मंत्री विक्रम पांडेय ने कहा कि अर्जुन बाबू हमेशा सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। उनका परिवार भी गरीबों और शोषितों की मदद के लिए हमेशा आगे रहा है। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया व पूर्व वार्ड पार्षद रामचन्द महतो आदि ने कहा कि अर्जुन बाबू मृदुभाषी, व्यवहार कुशल व समाजसेवी थे। वे आजीवन समाजसेवा से जुड़े रहे और जरूरतमंदों की सेवा करते रहे। अर्जुन सिंह के किए गए कार्यों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा हमेशा सामाजिक क्षेत्र बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता था। यहां भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर गणेश सिंह, श्यामलाल सिंह, अजय सिंह, प्रेम किशोर सिंह, उमाशंकर महतो, वीरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, मिथुन महतो, नारायण सिंह, भरत सिंह, नेपाल सिंह, गोविंद सिंह, सुखदेव सिंह, कुंदन देवी, तारा देवी, अंजू देवी, मंजू देवी, कंचन देवी, ज्योति कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती पूजा के अवसर पर भंडारा का आयोजन



प्रसाद वितरण करती छात्राएं।

**गढ़वा।** जिला के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय गोदरमाना में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में भंडारा का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को हवन कार्यक्रम के बाद किया जाएगा। मौके पर मोहन गुप्ता, डॉ नन्दलाल गुप्ता, हरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, सुनील वर्मा, रश्मि मिंज, रागिनी कश्यप, सोनी देवी, निभा देवी, पूजा यादव, अनिता, प्रिया, सोनिया, सोनिका, मुकेश, शशि, उपेंद्र, रोशन, ऋषभ, चंदन आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण का हुआ शिलान्यास



**बोकारो/तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के देव ग्राम पंचायत अंतर्गत सिमुलटांड और आसनसोल में डीएमएफटी मद से स्वीकृति प्राप्त आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास नेता प्रतिपक्ष सह स्थानीय विधायक अमर कुमार बाउरी के प्रतिनिधि विनोद गोराई ने किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूल पूर्व की शिक्षा दी जाती है। इसके अलावा पौष्टिक आहार भी मिलता है इसलिए भवन होना जरूरी था। इन केंद्रों का उद्देश्य बच्चों का मानसिक विकास करना भी है। मौके पर मुखिया मदनचंद्र रजवार सेविका सह जमीनदाता माला दास समाजसेवी धरणीधर दास दिलीप महतो फटीक दास पंकज शेखर संतोष रवानी धीरेन्द्र नाथ महतो धरनीधर दास धनेश्वर रवानी राकेश मुखर्जी कृष्णचंद्र गोप रमेश बाउरी दिवाकर रवानी प्रहलाद दास परमेश्वर रवानी चिनिवास रवानी नेपाल बाउरी सुखदेव दास आदि मौजूद रहे।

### बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के भूविज्ञान विभाग का शैक्षिक दौरा



**बेरमों।** बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के भूविज्ञान विभाग के तमाम26 शैक्षिक छात्रों ने सीसीएल के कथारा वाशरी परियोजना का गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान भूविज्ञान विभाग के 26 छात्रों ने वासरी परियोजना में किस प्रकार के कार्य किए जाते हैं इसको बारीक तरीके से देखा, इस मौके पर कथारा वाशरी के परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार ,वाशरी के डिप्टी मैनेजर रवि रंजन ,क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता भी मौजूद थे। मौके पर वासरी के पीओ एवं डिप्टी मैनेजर ने उन्हें कथारा वाशरी के विषय में विशेष तौर पर जानकारियां दी।

### बोकारो स्टील के सिंटर प्लांट में नए बॉलिंग ड्रम 4 का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सिंटर प्लांट में लगे नए बॉलिंग ड्रम 4 का उद्घाटन ईडी संकार्य बीके तिवारी द्वारा सीजीएम अनुरक्षण पीके बैसाखिया सीजीएम आरएमएचपी धनञ्जय कुमार सिंटर प्लांट के सीजीएम बीके बेहरा व विभाग के कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। पुराने बॉलिंग ड्रम में अक्सर तकनिकी समस्या उत्पन्न होने के कारण इसकी विश्वसनीयता कम हो गई थी जिससे प्लांट के उत्पादन प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। सीजीएम मैकेनिकल वीके सिंह के मार्गदर्शन में जीएम अंशुमाली व ए गुप्ता की टीम तथा एसके मंगुअल की कमेटी ने इसके कमिशनिंग का कार्य बहुत ही कम समय में पूरा करके इसे सुरक्षित रूप से चालू किया। अब सिंटर प्लांट की उत्पादन प्रक्रिया सुचारु रूप से चलेगी जिसके फलस्वरूप पूरे प्लांट की उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी।

### कैलाश ठाकुर बनें एच एम के यू के ढोरी एरिया अध्यक्ष

**बेरमो।** हिन्द मजदूर किसान यूनियन के झारखंड प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय सचिव नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियनस इंद्रदेव महतो ने कैलाश ठाकुर को ढोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष सह क्षेत्रीय सुरक्षा सदस्य मनोनीत किया हैं, श्री महतो ने कहा कि हमारा यूनियन कोयला मजदूरों असंगठित मजदूरों एवं विस्थापितों के अधिकार के लिए सदैव तत्पर रहता हैं कैलाश ठाकुर के आने से संगठन को ओर शक्ति मिलेगा , अध्यक्ष बनाने के बाद कैलाश ठाकुर ने कहा कि जो विश्वास एच एम के यू के नेताओं ने विश्वास ओर जिम्मेदारी दियें हैं मैं पूरी ईमानदारी से प्रयास करूंगा इससे पूर्व भी मैंने बेरमो विस्थापितों कि अनेकों लडाई महासचिव इंद्रदेव महतो कि अगुवाई में लडें हैं।

## कृषि ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव की दी गई जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता




यूरिया का छिड़काव करता ड्रोन।

**गढ़वा।** आईसीएआर आरसीइआर, एफएसआरसीएचपीआर प्लांडू रांची के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित निकरा अंगीकृत ग्राम तेनार और संगबरिया में किसानों को कृषि ड्रोन व नैनो यूरिया के उपयोग करने की जानकारी दी गई। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ संतोष यस माली ने किसानों को कृषि ड्रोन और नैनो यूरिया के उपयोग करने से होने वाले फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कृषि ड्रोन से गेहूं और सरसों के फसलों में नैनो यूरिया का छिड़काव कर दिखाया।

उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया के उपयोग से मृदा स्वास्थ्य लंबे समय तक बरकरार रहती है। कृषि ड्रोन घंटो का काम मिनटों में कर देता है। जिससे किसानों को शेष बचे हुए समय मे किसी अन्य कृषि कार्य मे लगा सकते है। जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। ड्रोन से घुलनशील उर्वरक, कीटनाशी या खरपतवार नाशी का भी छिड़काव कर सकते है। डॉ माली ने कृषि ड्रोन के पार्ट्स, संचालित करने की विधि एवं उससे संबंधित तकनीकियों की जानकारी किसानों को दी। मौके पर पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. सुषमा ललिता बाखला, कृषि विज्ञान केन्द्र के एसआरएफ नवलेश कुमार, सियाराम पांडेय, सुनील कुमार, सनी उरांव आदि उपस्थित थे।

## जेईई मेन में बोकारो का विशाल बना टॉपर



**बोकारो।** जेईई मेन 2024 में डीपीएस बोकारो के छात्र विशाल मेहता ने सर्वाधिक 99.8222 पर्सेंटाइल लाकर सर्वश्रेष्ठ रयान सिंह 99.723 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे तथा मो अम्मार 99.645 पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। लगभग 46 बच्चों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इस शानदार परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा आगामी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। डीपीएस चास के 14 विद्यार्थियों में से 6 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की है। डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन व स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे सहित अन्य ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## डीपीएस बोकारो को मिला झारखंड में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से भारत इंस्टीट्यूशन रैंकिंग 2022-23 के तहत डीपीएस बोकारो को झारखंड में सर्वश्रेष्ठ डे स्कूल एवं बोकारो स्टील सिटी में नंबर 1 की रैंकिंग के सम्मान से नवाजा गया है। दिल्ली में आयोजित जी 20 एजुकेशन समिट के दौरान इसकी घोषणा की गई। इस समिट में विद्यालय की ओर से उपस्थित प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने यह सम्मान प्राप्त किया।

विदित हो कि सीईडी इंडिया रैंकिंग में देशभर से आवेदित 1725 विद्यालयों में से विभिन्न कैटेगरी में 130 स्कूलों को 9 मानदंडों पर मूल्यांकन के पश्चात अवार्ड हेतु चुना गया। समारोह के अतिथि नई शिक्षा नीति 2020 तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले एनआईओएस भारत सरकार के पूर्व अध्यक्ष प्रो सीबी शर्मा एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन के भूतपूर्व सहायक आयुक्त डॉ एके शर्मा ने प्राचार्य डॉ गंगवार को यह पुरस्कार सौंपा। उन्होंने विद्यालय के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। प्राचार्य डॉ गंगवार ने इस उपलब्धि के लिए सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों व शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी है।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित देवीधाम से आगे तीखे मोड़ पर गुरुवार की शाम दो बाइकों के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रेहला थाना क्षेत्र के मुरमाखूर्द निवासी सुदेश्वर यादव पिता बिकाऊ यादव, छतरपुर थाना क्षेत्र के खुखरो निवासी विकास सिंह तथा भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी अरविंद सिंह पिता राजेंद्र सिंह व बादल सिंह पिता बिनोद सिंह का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सुदेश्वर यादव तथा विकास सिंह की नाजुक स्थिति को देखते बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सुदेश्वर भवनाथपुर प्रखंड के कैलान गांव स्थित अपने ससुराल चंद्रदेव यादव के घर जा रहे थे, जबकि टाउनशिप की तरफ से एक ही बाइक पर सवार नशे में धुत विकास सिंह, अरविंद सिंह व बादल सिंह ने तेज रफ्तार में सुदेश्वर की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार चारो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना के सअनि प्रभु मेहता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाईक को जप्त कर थाना लाया।

## आप ने नगरसेवा भवन के घेराव की दी चेतावनी

**बोकारो।** झुग्गी झोपड़ीवासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने सेल बोकारो इस्पात नगर प्रशासन विभाग के अतिक्रमण हटाओ अभियान तहत सिटी सेंटर में करीब 25 फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ने की कड़ी निंदा की है। राकेश ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और इस्पात मंत्रालय के इशारे पर सेल प्रबंधन बोकारो इस्पात नगर के गरीब दुकानदारों को उजाड़ रही है। उन्होंने कहा है कि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत बिना पुनर्वास के शहरी क्षेत्र के किसी भी दुकान को उजाड़ना गैरकानूनी है। महासंघ ने पूर्व में भी लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। बोकारो के प्रभावित दुकानदारों के साथ बैठक कर आगामी तीन चार दिनों में नगरसेवा भवन का घेराव किया जाएगा।

## एसडीपीओ ने अवैध कोयला स्टॉक पर मारा छापा

**बेरमो।** बोकारो जिला के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूवाडीह मे बिते देर रात्रि बेरमो एसडीपीओ द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला डिपो पर छापामारी अभियान चलाया जिसमे उन्हें सफलता भी मिली और लगभग 1.50 टन अवैध कोयला जप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला स्टॉक किया जाता है और मौका पाकर ये कोयला तस्कर इन अवैध कोयले को बड़ी गाड़ियों में लाद कर बंगाल में खपा दिया जाता है। एसडीपीओ के इस छापेमारी से कोयला चोरो और कोयला तस्करों मे हड़कंप मचा हुआ है।

## विद्यार्थियों ने नम आंखों से किया मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



विसर्जन करते लोग।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्रों में गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय नदी, झरना, तालाब व सरोवरों में विद्यार्थियों ने नम आंखों से किया। बुधवार को प्रखंड के कई शिक्षण संस्थान, गांव व टोलों में मां शारदे की प्रतिमा को स्थापित कर विधिविधान से पूजा अर्चना किया गया था। गुरुवार को हवन के साथ पूजा सम्पन्न हुआ। दोपहर बाद सभी प्रतिमा का विसर्जन शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। अधिकांश मूर्ति का विसर्जन डीजे के साथ नाचते गाते किया गया। चटनियां डैम, पंडी नदी, सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल, कोयल नदी, सोन नदी सहित जलाशयों में मूर्ति विसर्जन सम्पन्न हुआ। मूर्ति विसर्जन के दौरान युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। डीजे के धुन पर नाचते गाते, अबीर गुलाल लगाते व आतिशबाजी करते युवा चल रहे थे। समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली थी।

## आग वर्षो से लगी है मगर अब धीरे-धीरे यह आग गांव की ओर बढ़ रही है

# क्या झिरकी गांव भी जल्द बन जायेगा झरिया

- गांव से सटे 3 नंबर कोयरी मे भीषण भूमिगत आग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** इन दिनों दो दिन की हल्की बारिश में खदान में लगी आग में धी का काम किया है और अब यह आग भीषण रुप धारण कर लिया है जो आप तस्वीरों के माध्यम से देख पा रहे होगे। दरअसल यह मामला सीसीएल कथारा कोलियरी के तीन नंबर सीम का बताया जाता है जहां वर्षो से भूमिगत आग ने अपना कब्जा कर रखा है। आम दिनों में यह आग नंगी आंखों से दिखाई नही पड़ती सिर्फ यहां से जले कोयले का धुआं उठता रहता है मगर जैसे ही हल्की बारिश होती है खदान में लगी भीषण आग की लपटे देखने को मिलती है। हालांकि सीसीएल लगातार इस आग पर काबु पाने की कोशिश कर रही है मगर यह भुमिगत आग मानों सब कुछ तबाह करने पर आमादा मालूम पड़ता है। इस पुरे घटना मे जो सबसे दुखद पहलू यह है कि की जलता हुआ खदान झिरकी नामक गांव के चंद कदम के फासले पर है जिस कारण यहां के ग्रामीणों को जहरीले गैस के साथ यह धधकती हुई आग का खौफ सताने लगा है। लोगों को लगने लगा है कि उनका गांव भी क्या धिरे धिरे झरिया बनने वाला है और यह लगभग एक दृष्टि से सच भी प्रतित होता है कि वर्षो से लगी जिस तरह जमीन के भीतर ही भीतर सारे कोयले को जला कर राख बना रहा है निश्चित तौर पर आने वाले समय में यहां भू धसान होना लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में जब सीसीएल प्रबंधन एक ओर इस आग पर काबू पाने मे विफल नजर आ रही है वहीं झिरकी गांव वासी लगातार डर व दहशत के साये में जीने को मजबूर और विवस दिख रहे हैं।

## एक नजर में

### लोयाबाद मे हर तरफ फैला हुआ है ठगों का गिरोह



**बेरमो।** धनबाद जिला के लोयाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोयाबाद कोलियरी तथा आस पास में चल रहे आउटसोर्सिंग कम्पनीयों में नौकरी दिलाने वाला ठगों का एक गिरोह सक्रिय हुए है। बताया जाता है कि यहां चल रहे ठगी करने वाले गिरोह के तथाकथित ठग बेरोजगार युवाओं को पहले चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर उन्हें अपनी जाल में फंसाते है फिर उन्हें बीसीसीएल, एसएनएम्एम् सीएच, सेल कोलियरी, बोकारो स्टील प्लांट में आउटसोर्सिंग के जरिये अच्छी जॉब दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम की ठगी करते है। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के दर भी निर्धारित किए गए है। सूत्र बताते है कि तथाकथित ठग अपने को झारखण्ड सरकार के मंत्री की ऊँची पहुँच बताकर युवाओं को ये कहते है कि वे चंद दिनों में उनकी जॉब लगवा देंगे, जबकि सत्यता ये है कि कई युवा इन ठगों के चंगुल में पैसे फंसाकर वर्षों से ठगों के आवास का चक्कर काट रहे है ,आजतक न उन्हें जॉब मिली और न पैसा बल्कि विरासत में उन्हें फटकार और धमकियाँ मिली जिसे ठगी का शिकार हुए बेरोजगार युवा लोगों को बताने एवं ठगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने से भी परहेज कर रहे है। इस मामले को लेकर लोयाबाद कोलियरी एवं हाई स्कूल के समीप लोगों में चर्चा का विषय ही बन गया है।

### जिला बनाने की मांग पर अडिग है धरनाकारी, धरना के 72 दिन पुरे



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो जिला की मांग को लेकर आज 72वां दिन भी धरना जारी रहा। धरना पर बैठे संतोष कुमार नायक के साहस का दाद देना होगा की आज कड़कड़ाती ठण्ड मे भी घर परिवार को छोड़ कर जिले की मांग के लिए बैठे हुऐ है। वही शिवासी चौबे ने कहा की जिला बनना चाहिए और जिला बन कर रहेगा और कहा की मैं इस मांग का समर्थन करता हुँ। वही चौबे जी ने धरने पर बैठे नायक जी का साहस बढ़ाया। वही बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, सचिव वकील प्रसाद महतो धरने पर बैठे नायक का पूरा ध्यान रखे हुऐ है। वही 72दिन से तेनुघाट पंचायत के समाज सेवी संतोष कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, मिथुन चंद्रवंशी और कुलदीप प्रजापति प्रत्येक रात को रात्रि प्रहरी की तरह लगे हुऐ है और रात्रि सेवा डे रहे है इनलोगो के साहस का भी दाद देना होगा की ये लोग भी इस धरने पर एक तरह से डटे हुऐ है। अधिवक्ता वकील महतो, रामबलभ महतो, अधिवक्ता आनन्द श्रीवास्तव, संजय कश्यप, सरण राम, रखी बालम, विजय कुमार महतो, दिनेश राम, विधया सागर महथा, रामकृष्ण प्रसाद नायक, सिकंदर कुमार, मो अख्तर, ललित कुमार यादव, रंजीत गुप्ता, मो कलीम, पंकज पाठक, धर्मेन्द्र महतो, राकेश कुमार सिन्हा, विश्वनाथ, तेजनारायण महतो, लाला यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीएसएल टाउनशिप के सेक्टर 5 बी में सब स्टेशन का उद्घाटन



**बोकारो।** बीएसएल के ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद और सीजीएम टीए कुंदन कुमार द्वारा सेक्टर 5 बी में एक नव स्थापित सब स्टेशन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के समय जीएम प्रभारी नगर प्रशासन- इलेक्ट्रिकल राजुल हरकरनी के साथ टाउनशिप इलेक्ट्रिकल के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे। संसाधनों के कुशल उपयोग के माध्यम से, टीई इलेक्ट्रिकल ने बीएसएल टाउनशिप के भीतर बिजली की गुणवत्ता बढ़ाने और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नए सब स्टेशन के सुचारू रूप से कार्य करने के उपरांत वहां के निवासी बेहतर वोल्टेज आपूर्ति और स्थिरता के साथ विश्वसनीय और सुसंगत बिजली आपूर्ति की उम्मीद कर सकते हैं।

## पेज 1 का शेष

### जन समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता : सीएम

**पेपर लीक नया नहीं, सख्ती जरूरी:** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक होना कोई नई बात नहीं है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में भी यहां ऐसे मामले हुए हैं। पर मौजूदा सरकार इस बार मामले में जांच सख्ती कर रही है। संलिप्त कई लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं। विपक्ष इसे मुद्दा बनाकर भले सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सरकार ने एसआईटी गठित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक होना एक गंभीर मसला है, सरकार ने इसे लेकर कड़े कानून भी बनाये हैं। उन्होंने कहा कि, जांच एजेंसियां भाजपा की कठपुतली बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा के सभी नेता पाक साफ हैं। जांच एजेंसी उन पर कार्रवाई क्यों नहीं करती। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों को भेदभाव भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, युवा सोच वाले मुख्यमंत्री को विपक्ष ने साजिश के तहत जेल यात्रा करा दी, ऐसे में अब पार्ट 2 सरकार सफलतापूर्वक 4 साल में किये जा रहे सभी कार्यों को आगे बढ़ायेगी।

### मेरे परिवार को संभाल लेंगे, पत्र में बड़ा संकेत

**राहुल या प्रियंका के लड़ने का संकेत:** अंत में सोनिया गांधी ने कहा कि आप हमेशा की तरह मेरा और मेरे परिवार का ख्याल रखेंगे। यहां परिवार का ख्याल रखने की बात से उन्होंने संकेत दिया कि इस सीट से उनके बाद बेटे राहुल गांधी या फिर बेटी प्रियंका वाड्रा ही चुनाव में उतर सकते हैं। प्रियंका गांधी की चुनावी राजनीति में पहली एंट्री यहीं से कराने के कयास जोरों पर हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि सोनिया गांधी के सांसद रहने के दौरान भी वही यहां प्रचार की कमान संभालती थीं। यहां के स्थानीय नेताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ है।

**इंदिरा- राजीव गांधी की हत्या का जिक्र :** अपने पत्र में सोनिया गांधी ने अपनी सास इंदिरा गांधी और पति राजीव गांधी की हत्या का भी जिक्र किया। साथ ही, मोदी लहर को भी संकेतों में बताया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आयी। आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। मैं यह कभी भूल नहीं सकती। लेकिन, यह तय है कि मेरा मन, प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे, जैसे अब तक संभालते हैं।

### झारखंड झुकेगा नहीं, पोस्टर से पटी रांची

**झामुमो की न्याय यात्रा शुरू :** इधर झामुमो की न्याय यात्रा भी गुरुवार से शुरू हो गयी है। रांची में उपवास रखकर इसकी शुरूआत की गयी। अब चरणबद्ध तरीके से अब अन्य जिलों में भी यह कार्यक्रम होगा। इधर रांची में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आदिवासी समाज की महिलाओं ने हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए करमटोली चौक स्थित धुमकुड़िया भवन के समीप सरना स्थल पर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की है। महिलाओं ने मन्नत मांगी है कि जल्द से जल्द हेमंत सोरेन की रिहाई हो जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है। झूठे और बेबुनियाद केस में फंसाकर हेमंत सोरेन को जेल भेजा है।

## स्पीड न्यूज

### राजस्थान में बना सूर्य नमस्कार का विश्व कीर्तिमान

जयपुर। सूर्य सप्तमी के अवसर पर राजस्थान के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को आयोजित सूर्य नमस्कार के सामूहिक अभ्यास कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित 1.33 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस विश्व रिकॉर्ड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के राजस्थान एडिशन द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है।

### कॉल से मुक्ति दिलाने को समिति का गठन

नयी दिल्ली। केंद्र ने उपभोक्ताओं को परेशान करने वाली प्रचार संबंधित या अनचाही वाणिज्यिक कॉलों से मुक्ति दिलाने के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने के लिए समिति का गठन किया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार इसमें सेलुलर उद्योग, नियामक निकायों के सदस्य शामिल हैं। उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक बुलायी गयी थी। इसमें इन सब मुद्दों पर चर्चा की गयी है।

### कोयला गैसीकरण पर बैठक आज

नयी दिल्ली। केंद्रीय कोयला मंत्रालय शुक्रवार को हैदराबाद में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योग के हितधारकों के साथ बैठक की मेजबानी करेगा। इसका उद्देश्य देशभर में कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण प्रोजेक्ट के विकास और प्रसार में तेजी लाना है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि कोयला सचिव अमृत लाल मीना इस बैठक के मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद भी मौजूद रहेंगे।

### महुआ मोइत्रा को इडी ने भेजा समन

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कैश फॉर क्वेरी मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। इडी ने उन्हें 19 फरवरी को पूछताछ के लिए तलब किया है। समन फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के उल्लंघन के संबंध में है और मोइत्रा को सोमवार को नयी दिल्ली में एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन कल से

नयी दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के मकसद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17-18 फरवरी को राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन करेगी। भारत मंडपम में आयोजित होने वाली इस बैठक में देश से 11,500 से अधिक डेलिगेट्स भाग ले रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यह जानकारी दी।

# 'अमृत काल' के युवा भारत@ 2047 के मैराथन धावक हैं : जगदीप धनखड़

## उपराष्ट्रपति ने कहा, युवाओं के लिए आज अपार अवसर और संभावनाएं



नयी दिल्ली (हि.स.)। भ्रष्टाचार और संरक्षण युवा नवोन्वेषी दिमागों के सबसे बुरे हत्यारे हैं और ये योग्यता और स्थिरता के विपरीत हैं। युवा लोग भ्रष्टाचार से नफरत करते हैं, क्योंकि वे भाई-भतीजावाद और पक्षपात से अपने को ठगा हुआ महसूस करते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के 125वें संस्थापक दिवस समारोह में संबोधन के दौरान यह बात कही। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'अमृत काल' के युवा भारत@ 2047 के मैराथन धावक हैं। युवाओं के लिए आज अपार अवसर और संभावनाएं उपलब्ध हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सत्ता गलियारे अब भ्रष्ट तत्वों से पूरी तरह मुक्त कर दिये गये हैं और अब एक पारदर्शी, जवाबदेह प्रणाली स्थापित कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि अब ऐसा समय है, जब योग्यता के आधार पर चीजों के मिलने का बोलबाला है। युवा अपने सपनों की आकांक्षा कर सकते हैं और उनको पूरा भी कर सकते हैं तथा अपनी क्षमताओं का पूरा दोहन कर सकते हैं। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह, कुलपति, हिंदू कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष टीसीए रंगाचारी, हिंदू कॉलेज प्रोफेसर अंजू श्रीवास्तव, संकाय सदस्य, छात्र और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति ने युवाओं से आग्रह किया कि वे असफलता से कभी न डरें और अपने विचारों को साहसपूर्वक लागू करें। उन्होंने उनसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, 6जी और मशीन लर्निंग जैसी प्रौद्योगिकियों द्वारा प्रस्तुत अवसरों का उपयोग करने और उन्हें बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि हम प्रौद्योगिकियों के समय में रह रहे हैं... हम तकनीकी क्रांति के शिखर पर हैं। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि कानून के सामने समानता लोकतांत्रिक शासन के लिए सबसे अपरिहार्य विशेषता है। हाल के घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और कानून के लंबे हाथ हर किसी तक पहुंच रहे हैं, खासकर उन लोगों तक जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें कानून के प्रति जवाबदेह ठहराया जायेगा।

# मिमी चक्रवर्ती ने सांसद पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की नेता मिमी चक्रवर्ती ने गुरुवार को जादवपुर के लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बंगाल विधानसभा में मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात करने के बाद सांसद पद से इस्तीफे का एलान किया। बता दें कि वे बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री भी हैं।

मिमी चक्रवर्ती ने स्वयं बंगाल विधानसभा के बाहर इस्तीफे की बात कही। उन्होंने कहा कि वह लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ऑफिस से बाहर निकलने के बाद कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को अपना सांसद पद से इस्तीफे का पत्र सौंप दिया है, लेकिन मुख्यमंत्री ने अभी तक उस इस्तीफा को स्वीकार नहीं किया है। मिमी ने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री इस्तीफा स्वीकार कर लेती हैं, तो वह लोकसभा अध्यक्ष के पास जायेंगी और अपना इस्तीफा सौंपेंगी। उन्होंने कहा कि राजनीति लोगों को मेरे जैसे लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने का लाइसेंस देती है। अगर मिमी चक्रवर्ती ने कुछ बुरा किया होता तो वह सबसे पहले सुर्खियों में आतीं। मैंने जीवन में जानबूझकर किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है। मैं कोई राजनेता नहीं हूं। मैं कभी राजनेता नहीं बनूंगी। बता दें कि हाल ही में मिमी ने संसद की दो स्थायी समितियों की सदस्यता से भी इस्तीफा दिया था। वह संसद की औद्योगिक मामलों और केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की संयुक्त समिति की सदस्य थीं। उन्होंने इन दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया है।

# किसान आंदोलन से प्रभावित हुईं ट्रेनें पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ी

एजेंसी



जयपुर/चंडीगढ़। किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने की कोशिश कर रहे हैं] लेकिन पुलिस ने उन्हें बॉर्डर पर ही रोक दिया है। प्रदर्शन के तीसरे दिन गुरुवार को किसान आंदोलन का असर ट्रेनों पर भी पड़ रहा है। राजस्थान से पंजाब जाने वाली दो ट्रेनें रद्द की गयी हैं और एक ट्रेन का रूट बदला गया है। किसानों के दिल्ली कूच की संभावनाओं को देखते हुए आज भी पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील है।

हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर में आंदोलन का असर अधिक है। यहां सरकारी बसें इंटर स्टेट बॉर्डर क्रॉस नहीं कर रही हैं। इस कारण यात्रियों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। किसान नेताओं के रुख को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सभी बॉर्डर्स पर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं होगा।

जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पार्टी अहिंसक किसान आंदोलन के साथ है। डोटासरा ने कहा कि हम किसानों के बंद को पूरा सहयोग देंगे, कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। किसान संगठनों के शुक्रवार को बुलाये गये बंद को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। किसानों के बंद में कांग्रेस कार्यकर्ता भी सहयोग करेंगे।

### संयुक्त किसान मोर्चा का ग्रामीण भारत बंद आज

नयी दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने शुक्रवार को किसानों और श्रमिकों के मुद्दों को लेकर ग्रामीण भारत बंद का आह्वान किया है। एसकेएम ने गुरुवार को अपने बयान में कहा कि वह चाहते हैं कि किसानों को सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दी जाये। इसके साथ ही पंजाब सीमा पर किसानों पर पुलिस कार्रवाई पर रोक लगायी जाये। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाये। एसकेएम के एक पदाधिकारी ने कहा कि किसान चाहते हैं कि सरकार ने जो वादे आंदोलन के समय किये थे, उन्हें पूरा करे।

संदेशखाली हिंसा

# अनुसूचित जाति आयोग राष्ट्रपति को आज भेजेगा रिपोर्ट

नयी दिल्ली। संदेशखाली हिंसा मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर और एनसीएससी की सदस्य अंजू बाला गुरुवार को पीड़ितों से मिलने संदेशखाली पहुंचे। पीड़ितों से मिलने के बाद आयोग के चेयरमैन और सदस्य ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एनसीएससी की सदस्य अंजू बाला ने कहा, यह एक शर्मनाक घटना है कि आज के समय में भी महिलाओं के साथ ऐसा कुछ हो सकता है... राज्य की सीएम एक महिला हैं। नाम ममता रखती हैं, लेकिन दिल में ममता नाम की चीज नहीं है। एनसीएससी के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा, आयोग के सदस्य और हम यहां सुनने आये हैं। मैं उनकी बात सुनूंगा और सरकार को रिपोर्ट दूंगा। यह एक संवैधानिक संस्था है, राजनीतिक संस्था नहीं... कल (शुक्रवार) सुबह 11 बजे राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजूंगा।

# खलीज टाइम्स ने हिंदू मंदिर के उद्घाटन पर कहा, यूएइ ने इतिहास में नया अध्याय लिखा




अबूधाबी (हि.स.)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) में बड़ी प्रसार संख्या वाले अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र 'खलीज टाइम्स' ने गुरुवार (15 फरवरी, 2024) के अपने अंक में अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन अवसर के समाचार को प्रमुखता दी है। अखबार ने प्रथम पेज की पहली सचित्र खबर का शीर्षक -'यूएई स्क्रिप्ट्स ए न्यू चैप्टर इन हिस्ट्री' (संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा) दिया है।

'खलीज टाइम्स' ने इस समाचार को अंदर के पन्ने पर भी तरजीह दी है। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, मध्य पूर्व के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर का उद्घाटन अबूधाबी में किया गया। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य महंत स्वामी महाराज और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फीता काटकर बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। यह समारोह हिंदू वैदिक रीत रिवाज से संपन्न हुआ। वैदिक समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हुए। खलीज टाइम्स ने इस मंदिर के वास्तु पर लिखा है- यह वास्तुशिल्प उत्कृष्टता का उत्सव है और प्राचीन सभ्यताओं की समृद्धि को सामने लाता है। इस उत्कृष्ट कृति की झलक पाने को भक्त सुबह से ही उमड़ने लगे। इस भव्य समारोह में हजारों भक्तों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस वजह से यह समारोह यूएइ और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

### प्रधानमंत्री ने कतर के अमीर से की मुलाकात

नयी दिल्ली/दोहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री का गुरुवार को दोहा में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर सार्थक बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने अमीर को भारत आने का निमंत्रण दिया और साथ ही आठ भारतीयों की रिहाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानमंत्री ने मुलाकात से जुड़ी जानकारी एक्स पर साझा की और बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य, ऊर्जा, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कतर संबंधों को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया।

# नंदकिशोर बने बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष

पटना (हि.स.)। बिहार में नयी सरकार के गठन के बाद गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष चुन लिये गये। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से स्पीकर चुना गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नये स्पीकर को आसन पर बैठाया। तेजस्वी ने सदन में नंदकिशोर यादव का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

बिहार में राजग की सरकार के गठन के बाद पुरानी महागठबंधन की सरकार में विधानसभा के स्पीकर रहे अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। स्पीकर के पद से हटाये जाने के बाद नंदकिशोर यादव ने विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया था।



गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद उन्हें निर्विरोध विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में स्पीकर के तौर पर नंद किशोर यादव के पक्ष में 15 प्रस्ताव आये, जबकि विपक्ष में किसी अन्य ने प्रस्ताव नहीं दिया। इसके बाद सर्वसम्मति से नंदकिशोर यादव 2020 से 2025 तक के लिए तीसरे स्पीकर के रूप में चुन लिये गये। सदन में जय श्रीराम और जय संविधान का नारा लगा। हाथ पकड़कर नीतीश-तेजस्वी ने स्पीकर को आसान पर बैठाया।

### मुख्यमंत्री नीतीश ने 2133 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बिहार सचिवालय सेवा अंतर्गत 1,333 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत 228 सहायक प्राध्यापकों एवं 572 व्याख्याताओं सहित कुल 2,133 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी मनीष कुमार, दीपिका कुमारी, जितेंद्र कुमार मंडल, सरिता कुमारी, सुशील कुमार, रूपा कुमारी, नीलम कुमारी तथा व्याख्याता पीयूष कुमार पाठक, शिप्रा भदानी एवं सहायक प्राध्यापक सारिका कुशवाहा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम में 50 अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# ज्ञानवापी में मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज (हि.स.)। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने गुरुवार को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी गृहताल में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने की जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती अपीलों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल जिला जज के दो आदेशों की चुनौती अपीलों की सुनवाई कर रहे थे।

मस्जिद पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व पुनीत गुप्ता ने तर्क दिया कि पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद में अधिकार तय किये बगैर अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ देना कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। तहखाने में पूजा की अनुमति देकर वस्तुतः सिविल वाद स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही जिला जज ने स्वयं ही दो विरोधाभासी आदेश दिये हैं। यह भी कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 152 के अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करते हुए अदालत मूल आदेश की प्रकृति में बदलाव का आदेश नहीं दे सकती। मूल आदेश में केवल एक मांग मानी गयी। जिलाधिकारी को रिसीवर नियुक्त कर दिया गया। बिना किसी अर्जी के केवल मौखिक अनुरोध पर पूजा का अधिकार दे दिया गया है। अदालत ने अपनी अंतर्निहित शक्ति का इस्तेमाल करने का आदेश में उल्लेख नहीं किया है। कहा कि जिला अदालत ने 17 जनवरी को अर्जी स्वीकार कर केवल एक रिलीफ ही दी। दूसरी मांग पर आदेश नहीं देना ही अनुतोष से इंकार माना जायेगा।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड, धनबाद

# अमेरिका के कैनसस सिटी में फायरिंग, 1 की मौत, 21 घायल



कैनसस सिटी (हि.स.)। संयुक्त राज्य अमेरिका में मिसौरी के कैनसस सिटी में बुधवार को सुपर बाउल जीत का जश्न मातम में बदल गया। जीत के जश्न में निकली रैली के दौरान की गयी अचानक गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 21 अन्य घायल हो गये। घायलों में नौ बच्चे भी शामिल हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना कैनसस सिटी के यूनियन स्टेशन के पास हुई। पल भर में सुपर बाउल जीत का जश्न अराजकता के दृश्य में बदल गया। कैनसस सिटी पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन तीनों में से दो के पास हथियार मिले हैं। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि गोली क्यों चलायी गयी। चिल्ड्रेंस मर्सी हॉस्पिटल ने कहा कि उनके यहां 12 लोगों का इलाज किया जा रहा है। इनमें 11 बच्चे हैं। बच्चों की उम्र 6 से 15 वर्ष है। अस्पताल की प्रवक्ता स्टेफनी मेयर ने कहा कि नौ बच्चों को गोली लगी है। किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं है। कुछ घायलों को यूनिवर्सिटी हेल्थ और ट्रूमैन मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया। इनमें दो लोगों की हालत नाजुक है।

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार करने के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के बाद से ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया। इस कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में पहुंच गये। हालांकि, बाद में खरीदारों ने भी अपना जोर बनाया, जिसके कारण इन दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन हुए खरीद-बिक्री के बाद बीएसई सेंसेक्स 227.55 अंक की तेजी के साथ 72,050.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के बाद निफ्टी 70.70 अंक की तेजी के साथ 21,910.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# निर्देशक आदित्य जांभले का दावा- 'आर्टिकल 370' की कहानी देश को हिला देगी



फिल्म 'आर्टिकल 370' का ट्रेलर हाल में सामने आया है। इस फिल्म को आदित्य जांभले ने निर्देशित किया है। लीड रोल में यामी गौतम के साथ प्रियमणि, अरुण गोविल, राज जुत्शी और किरण कर्मारकर जैसे कलाकार हैं। हाल में एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म के निर्देशक आदित्य जांभले ने 'आर्टिकल 370' को शैली परिभाषित एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा बताया है, जो आर्टिकल के निरस्तीकरण और कश्मीर की स्थिति की जटिलताओं को उजागर करती है। आर्टिकल 370 को हटाये जाने के बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा, यह मिशन गुप्त तरीके से किया गया था और मिशन का सबसे अहम लक्ष्य यह था कि किसी निर्दोष का खून न बहे और यही इसे महान ऑपरेशन बनाता है। इसलिए, बहुत सारी जानकारी पब्लिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है। जांभले ने फिल्म की प्रामाणिकता को बनाये रखने के लिए की गयी रिसर्च को हाईलाइट करते हुए कहा, हमने महीनों तक रिसर्च की। इस मिशन में बहुत सारा ड्रामा शामिल है, जो 2014 में शुरू हुआ और 2019 में खत्म हुआ। हमारे पास प्रोटोकॉल में मदद करने के लिए सेट पर कानूनी सलाहकार थे, ताकि हम असली कहानी से भटके न। इन सभी संवेदनशील विवरणों को 2 घंटे की फिल्म में कंपाइल करने के लिए हमें एक-एक कदम फूंक कर रखा है, जो एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा, देश को यह जानने की जरूरत है कि इस मिशन को कैसे अंजाम दिया गया। फिल्म के निर्देशक और स्क्रीनप्ले राइटर के रूप में मुझे यह कहते हुए खुशी होगी कि हम 80 प्रतिशत जानकारी साझा करने में सक्षम थे, जो पब्लिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है। किसी भी बैकस्टोरी के बारे में पता नहीं है और यही मुख्य ड्रामा है, जिसे हम इस फिल्म में दिखाने में सक्षम हैं। इस फिल्म पर अपने दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, एक फिल्म निर्माता के रूप में मेरा लक्ष्य यह है कि 6वीं कक्षा का एक छात्र भी फिल्म देखने के बाद बता सके कि 5 अगस्त, 2019 को आर्टिकल 370 को निरस्त कैसे किया गया और इसमें हमारे दर्शकों की दिलचस्पी जगे। फिल्म में सभी घटनाएं सच्चाई के साथ दिखायी गयी हैं, जो फिल्म के लिए हम सभी का एक लक्ष्य था। यामी गौतम को शानदार एक्शन से भरपूर अवतार में पेश करते हुए आदित्य जांभले ने एक ऐसी कहानी बताने की परियोजना पर गर्व जाहिर किया है, जो हर भारतीय के साथ जुड़ती है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# क्यों आवश्यक है पढ़ाई आपके जीवन के लिए



कुमार संजय



**आज क्या जरूरी है ?**

अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है : इंटेलिजेंट वही है जो अपने आप को बदलना जानता है। समय के साथ बदलना जरूरी है। जो समय के साथ नहीं चलते वे पीछे छूट जाते हैं। कई क्षेत्रों में अपने आप को बदलने की सख्त जरूरत है। आज पढ़ाई और करियर से संबंधित बदलाव के बारे में बात कर रहा हूं। इस पर गौर करें।

**1. पढ़ाई** : आज का दौर स्पेशलाइजेशन का है। कुछ भी पढ़ लेने से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला, भले ही आप टॉपर क्यों न हों। परंपरागत विषयों में ग्रेजुएशन करके कोई फायदा नहीं है। ट्वेल्थ के बाद बहुत सोच समझकर जॉब ओरिएंटेड कोर्स करना चाहिए ताकि ग्रेजुएशन के बाद व्यक्ति कमाने के योग्य बन सके।

**2. ऑर्गेनाइजेशन :** छात्रों की पूरी कोशिश होनी चाहिए कि वे टॉप रैंकिंग एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन से ट्वेल्थ के बाद की पढ़ाई करें। तभी उनको सही प्लेसमेंट मिलेगा और अच्छी सैलरी भी। कहीं से कुछ भी पढ़ लेना समय और पैसे की बबार्दी है। इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट यहां तक कि सिम्पसल ग्रैजुएशन भी बहुत अच्छे ऑर्गेनाइजेशन से करें।

3. डिग्री : 12 वीं के बाद तभी पढ़ाई करें जब आपको पढ़ाई में मन लगता हो। पढ़ाई में मन नहीं लगता, तो ऐसे करियर की तलाश करें, जिसमें पढ़ाई कम, प्रैक्टिकल, फील्ड वर्क, ट्रेंनिंग ज्यादा हो। डिप्लोमा कोर्स करें। ऐसी पढ़ाई जिसके बाद नौकरी मिलने की गुंजाइश हो।

**4. नॉलेजः** आजकल सिर्फ सर्टिफिकेट और डिग्री से कुछ नहीं होता। आपको मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। बिना नॉलेज के आप कोई प्रतियोगिता परीक्षा, इंटरव्यू नहीं निकाल सकते। बिना नॉलेज के आजकल एक साधारण सी प्राइवेट नौकरी भी नहीं मिलती। इसलिए जैसे-तैसे सिर्फ डिग्री हासिल करने वाली पढ़ाई न करें। पढ़ना है तो मन लगाकर पढ़ना है।

**5. स्मार्टनेस** : अच्छे रिजल्ट के साथ-साथ आपको स्मार्ट होना जरूरी है। आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा होना चाहिए। याद रखें 85% सफलता हमारे स्मार्टनेस और अच्छे कम्युनिकेशन स्किल के बल पर मिलती है। शुरू से ही पढ़ाई के साथ-साथ अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर ध्यान दें। स्कूल-कॉलेज में होने वाले सारे कल्चरल और एजुकेशनल इवेंट्स में भाग लें। पेरेंट्स सिर्फ 'पढ़ो-पढ़ो' वाली सोच से बाहर निकलें। पढ़ाई के साथ-साथ अपने बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

**6. सरकारी नौकरी :** सरकारी नौकरी की तैयारी के पीछे 10-15 साल गवां देना सरासर बेवकूफी है। इसकी तैयारी 10वीं या 12वीं के बाद ही शुरू कर दें। ग्रेजुएशन तक अपनी तैयारी पूरी कर लें। ग्रेजुएशन के बाद कोई पार्ट टाइम अर्थात 6 घंटा वाला काम जरुर करें। पैसे का उपार्जन करें, अपना अनुभव बढ़ाएं। 2 घंटा नियमित रूप से प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्नों को सॉल्व करें। 3 साल तक प्रतियोगिता परीक्षा दें। होता है तो ठीक, नहीं तो अपना रास्ता बदलें।

आज करियर की कमी नहीं है। सैकड़ों करियर हैं। कमी है जानकारी की। जरूरत है परंपरागत सोच से बाहर आने की।

**मूल मंत्र :** लियो टॉलस्टॉय ने कहा है- हर कोई दुनिया बदलने की सोचता है, कोई अपने आप को नहीं बदलता। आज का समय है, अपने आप को बदलने का। आज का युग है - ज्ञान और स्पेशलाइजेशन का। स्मार्टनेस और बोल्डनेस का। अच्छे कम्युनिकेशन स्किल्स का। 12 वीं के बाद सोच समझकर जॉब ओरिएंटेड कोर्स करें, अच्छे ऑर्गेनाइजेशन से करें। तभी चूमेगी सफलता आपके कदम।

# आर्मी ज्वाइन कर, करें देश की रक्षा



प्रशांत झा

**आर्मी** शॉर्ट सर्विस कमीशन भर्ती के लिए शुरू हुए आवेदन, 21 फरवरी है लास्ट डेट

भारतीय सेना भर्ती अभियान द्वारा 381 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। ऐसे में आवेदन के योग्य, इच्छुक और अविवाहित पुरुष व महिला इंजीनियरिंग स्नातकों और भारतीय सशस्त्र बल रक्षा कर्मियों की विडोज से आवेदन मांगे गए हैं।

भारतीय सेना की तरफ से इंडियन आर्मी शॉर्ट सर्विस कमीशन (ररउ) के अनुदान के लिए आवेदन मांगे गए हैं। ऐसे में आवेदन के योग्य, इच्छुक और अविवाहित पुरुष व महिला इंजीनियरिंग स्नातकों और भारतीय सशस्त्र बल रक्षा कर्मियों की विडोज से आवेदन मांगे गए हैं। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

भारतीय सेना भर्ती अभियान द्वारा 381 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। जिनमें से 350 वैकेंसी (टेक) पुरुषों के लिए, 29 (टेक) महिलाओं के लिए और 02 रिक्तियां रक्षा कर्मियों की विधवाओं के लिए हैं। अक्तूबर 2024 में आर्मी पाठ्यक्रम शुरू होगा।



### उम्र

आपको बता दें कि इंडियन आर्मी शॉर्ट सर्विस कमीशन पुरुष व महिला उम्मीदवारों की आयु 01 अक्तूबर 2024 तक 20 से 27 साल के बीच होनी चाहिए। वहीं भारतीय सशस्त्र की विधवाओं की आयु सीमा 01 अक्तूबर 2024 तक 35 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### क्वालिफिकेशन

इन पदों पर आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग डिग्री होना जरूरी है। साथ ही वह लोग भी अप्लाई कर सकते हैं, जो इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स के लास्ट इयर में हैं।

### महत्वपूर्ण अधिसूचना

ऑफिशियल नोटिस के मुताबिक इन भर्ती पर चयनित अभ्यर्थियों का पाठ्यक्रम शुरू होने की डेट या प्री-कमीशन ट्रेनिंग अकादमी रिपोर्टिंग की डेट पर शॉर्ट सर्विस कमीशन दिया जाएगा। वह पूर्ण सैलरी के हकदार होंगे और ट्रेनिंग के दौरान लेफ्टिनेंट को स्वीकार्य भत्ते, सैलरी और भत्ते का भुगतान ट्रेनिंग के सफल समापन के बाद किया जाएगा।

### 21 फरवरी 24 है लास्ट डेट

# सोनिया गांधी : एक सफल राजनीतिक यात्रा

मनोज कुमार सिन्हा



**कांग्रेस** संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राज्यसभा के लिए नामांकन भर दिया है. उन्होंने राजस्थान से पार्टी की तरफ से नामांकन दाखिल किया. इस दौरान उनके साथ कई कांग्रेस के दिग्गज नेता भी मौजूद थे. रायबरेली से लोकसभा चुनाव में कदम रखने वाली नेता सोनिया गांधी को आज तक हार का सामना नहीं करना पड़ा है. ऐसे में आइए अब चर्चा करते है सोनिया गांधी का रायबरेली से राज्यसभा तक का सियासी सफर...

### 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य

जानकारी हो कि साल 1999 में सक्रिय रूप से सोनिया गांधी ने भारत की राजनीति कदम रखा था. उस वक्त हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने रायबरेली से चुनाव लड़ा और जीतकर आईं. साल 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य के रूप में कार्य किया है और वर्तमान में उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हैं.

सोनिया गांधी भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्षा, भारतीय राजनीति के इतिहास में महत्वपूर्ण महिला हैं। उनका जन्म 9 दिसंबर 1946 को इटली के लुका में हुआ था, जहां उनका नाम एड्रियाना वाद्रा था। उन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त कर ली और फिर भारतीय राजनीति में अपनी भूमिका को स्थापित किया।

सोनिया गांधी का नाम भारतीय राजनीति में एक परिचय से ज्यादा है। इटली में जन्मीं और एक विदेशी नागरिक से विवाह करने के बाद उन्होंने अपना जीवन भारत को समर्पित कर दिया। उनके राजनीतिक जीवन में उतार-चढ़ाव तो आए, मगर भारत की राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

### इटली से इंडियाः प्रेम और परिवार

उनकी मुलाकात1965 में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में राजीव गांधी से हुई। प्यार हुआ, शादी हुई और सोनिया गांधी बन गईं। राजीव के राजनीतिक जीवन में वे सक्रिय रहतीं, मगर पर्दे के पीछे। मगर 1989 में राजीव गांधी की हत्या ने सब बदल दिया।

राजनीति में अनिच्छुक प्रवेश और विवादों का सामना

शुरूआत में राजनीति से दूर रहीं सोनिया गांधी को 1997 में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष बनाया गया। उनके विदेशी मूल पर सवाल उठे, विवाद खड़े हुए। मगर उन्होंने दृढ़ता से खुद को साबित किया। गांधी-नेहरू परिवार की विरासत पर उनका हक उठाया गया, मगर उन्होंने इसे जनता का विश्वास के रूप में देखा।

### कांग्रेस का पुनरुद्धार और यूपीए का उदय

सोनिया गांधी के नेतृत्व में 2004 में कांग्रेस 10 साल बाद सत्ता में लौटी। यूपीए गठबंधन बना और मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया गया। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया, आर्थिक विकास की रफ्तार तेज हुई। मगर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे।

विपक्ष में रहते हुए संघर्ष और वापसी

2014 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद 2019 तक कांग्रेस विपक्ष में रही। सोनिया गांधी संसद में विपक्ष की मजबूत आवाज बनीं। 2019 में राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के बाद भी उन्होंने पार्टी को मार्गदर्शन दिया।

राजनीतिक विरासत और विवादों के बीच एक शख्सियत

सोनिया गांधी की राजनीतिक विरासत बहुचर्चित है। कुछ उन्हें मजबूत नेता मानते हैं तो कुछ विदेशी मूल का मुद्दा उठाते हैं। कुछ उनकी सादगी और दृढ़ता की प्रशंसा करते हैं तो कुछ उनके नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार को नहीं भुलाते। मगर उनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

सोनिया गांधी का विवाह भारतीय राजनेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से हुआ था। उनका विवाह भारतीय राजनीति में उनके परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। उनके विवाह के बाद, उन्होंने पार्टी की राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका को बढ़ाया और अपने पति की सहायक के रूप में काम किया।

2004 में, उन्होंने अपनी पार्टी की नेतृत्व स्वीकार की और प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला। हालांकि, उन्होंने प्रधानमंत्री पद को नहीं स्वीकार किया और उन्होंने अपना नेतृत्व बहुमत के लिए अन्य उम्मीदवार को सौंप दिया। इसके बाद, डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया।

सोनिया गांधी का प्रधानमंत्री पद को न लेने का फैसला उनके नेतृत्व में नैतिकता और संवेदनशीलता का प्रतीक बना। उन्होंने कभी भी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि देश की सेवा के लिए काम किया।

सोनिया गांधी का नेतृत्व भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण उल्लेखनीय स्थान रखता है। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री बनने के बावजूद भारतीय राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत किया।

सोनिया गांधी के नेतृत्व में, कांग्रेस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिए। उनकी नेतृत्व में ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने 2009 में वापस सत्ता में आई और डॉ. मनमोहन सिंह फिर से प्रधानमंत्री बने।

### उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राज

नीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत किया और उन्हें महत्वपूर्ण रोल दिया। उनके द्वारा चलाई गई सरकार ने कई महत्वपूर्ण कानूनों को पारित किया, जो सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

सोनिया गांधी के नेतृत्व में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने कई विपक्षी दलों के साथ समझौते किए और राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। उन्होंने अपने नेतृत्व के दौरान देश के विकास और सुधार के लिए कई योजनाएं शुरू की।

सोनिया गांधी ने अपने नेतृत्व में भारतीय राजनीति में महिलाओं को अधिक सक्रिय भूमिका देने के लिए निरंतर प्रयास किये हैं।

# भारत की पीएलआई योजना की उपलब्धि और भविष्य की संभावनाओं का मूल्यांकन

**राजेश कुमार सिंह, सचिव, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग**

**भारत** की उल्लेखनीय विकास गाथा में यदि कोई चुनौती अभी तक बनी हुई है, तो यह निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी है, जिसकी भारत के जीवीए में हिस्सेदारी मात्र 17.4 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह हिस्सेदारी, कृषि की हिस्सेदारी से भी कम है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने के सरकार के लगातार प्रयासों के अंतर्गत विभिन्न पहलों की शुरूआत की गयी है। इन पहलों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सबसे प्रमुख है।

घरेलू विनिर्माण में आमूल-चूल बदलाव के लक्ष्य के साथ शुरू की गई पीएलआई योजना का उद्देश्य क्षमता व दक्षता को बढ़ाना और वैश्विक चैंपियन का निर्माण करना है। इसके व्यापक लक्ष्यों में शामिल हैं- रोजगार सृजन करना, पर्याप्त निवेश आकर्षित करना, निर्यात बढ़ाना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना। इसके गुणक प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान में संभावित वृद्धि हो सकती है तथा घरेलू कंपनियों का क्षेत्रीय और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क के साथ निर्बाध एकीकरण हो सकता है।

अपने शुभारंभ के बाद से, पीएलआई योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ, इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में, रोजगार के लगभग 7 लाख नए अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8.70 लाख करोड़ रुपये हो गई है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। प्रत्यक्ष लाभार्थियों में 8 पीएलआई क्षेत्रों की 176 एमएसएमई शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआई योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयीं हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है।

पीएलआई योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षेत्र में भी डीवीए पहले से ही 45 प्रतिशत है और इसे 2028-29 तक 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके अलावा, पीएलआई योजना का डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रोत्साहन राशि जारी होने से पहले बिक्री (निर्यात सहित) के साथ-साथ अतिरिक्त निवेश को भी गति प्रदान करे। इसका मतलब यह है कि शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के संदर्भ में यह योजना अपने आप में आत्मनिर्भर है, क्योंकि वितरित किए जाने वाले प्रोत्साहनों की तुलना में राजस्व प्रवाहों (जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में) को हिसाब में शामिल किया जाए, तो यह अपने लिए अधिक भुगतान प्राप्त करती है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि इकाइयों द्वारा दुकान स्थापित करने और सब्सिडी प्राप्त करने के बाद इन्हें बंद करने की बहुत कम संभावना है या कोई संभावना नहीं है, जैसा सब्सिडी से जुड़ी अन्य सरकारी योजनाओं के मामले में अक्सर होता है।

सरकार ने स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सहित अतिरिक्त उपायों को पीएलआई योजना के लिए पूरक बनाया है। उदाहरण के लिए, इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने खिलौना क्षेत्र को आगे बढ़ाया है, जिसका निर्यात 96 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 326 मिलियन डॉलर हो गया है। इसी तरह, स्थानीय खरीद और रक्षा गलियारों को खोलने जैसी नीतियों से उत्साहित रक्षा क्षेत्र के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। रक्षा निर्यात 2014-15 के 700 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

ये सफलताएं एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम के क्रमिक विकास का संकेत देती हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों पर पीएलआई योजना का ध्यान, मौजूदा श्रम बल के कौशल को बेहतर करने, तकनीकी रूप से पुरानी मशीनरी को बदलने और विनिर्माण क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम बनाएगा। विशेष रूप से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के क्षेत्र में, बढ़ी हुई उत्पादन मात्रा बढ़ती उपभोक्ता मांग को पूरा कर रही है, जहां योजना के समय पर लागू होने से पूरे भारत में 4जी और 5जी उत्पादों को तेजी से अपनाने की सुविधा मिली है।

इसके अतिरिक्त, ई-वाहन, सौर पैनल जैसी हरित प्रौद्योगिकियों में पीएलआई ने, फेम योजना और नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग को बढ़ाने जैसे मांग पक्ष के उपायों के साथ मिलकर, भारत को नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने एनडीसी लक्ष्यों से भी पार जाने में मदद की है। पीएलआई के तहत बढ़ी हुई बिक्री के लिए बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी, जिसका समाधान पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान का उपयोग करके हमारी अवसंरचना में भारी निवेश द्वारा किया गया है। अवसंरचना में भारी निवेश से पूरे भारत में विनिर्माण क्षेत्रों को मल्टीमॉडल परिवहन-संपर्क प्रदान करना संभव होगा। प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना के साथ क्लस्टर पार्क विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करते हैं।

राज्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से प्राप्त एक समावेशी दृष्टिकोण, भारत के आंतरिक क्षेत्रों में उद्योगों और कारीगरों को देश की विकास गाथा का अभिन्न अंग बनने के लिए सशक्त बना रहा है। एक-जिला-एक-उत्पाद और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ाने के लिए क्लस्टर-आधारित योजना- स्फूर्ति, जैसी पहलें भारत और उसके उद्योगों के लिए कथित प्रतिस्पर्धी नुकसान को अल्पकालिक और दीर्घकालिक फायदे में बदल रही हैं।

महामारी और परिणामी वैश्विक सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल से उत्पन्न चुनौतियों ने पीएलआई योजना के सुविचारित उद्देश्यों की पुष्टि की है। इसका संबद्ध इकोसिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी), जो आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में योगदान देतीं हैं और अशांत वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती हैं, के साथ एकीकृत होने की रणनीतिक स्थिति में है। एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर वैश्विक चैंपियन के रूप में उभरने के देश के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, भारतीय निमार्ता अपने सुविधा-क्षेत्र से आगे बढ़ने के प्रति उत्साहित हैं।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पीएलआई योजना भारत के विनिर्माण परिदृश्य को नया आकार देने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी है। इसकी उपलब्धियां, रणनीतिक पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति और भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता को रेखांकित करती हैं। यह योजना भारत को नवाचार तथा सतत व समावेशी विकास के भविष्य की ओर आगे बढ़ाती है। देश विनिर्माण उत्कृष्टता के एक नए युग के मुहाने पर खड़ा है।

# अगर राहुल द्रविड़ कोई महिला होता?



मनोज शर्मा

**अगर** राहुल द्रविड़ कोई महिला होता? राहुली द्रविड़ी या द्रविड़ी राहुला तो ये पास परोस से कुंठा, ईर्ष्या और अवसाद से सदैव? बीमार रहता। ये महिनों छत पर नहीं जाता, खुशनुमा पर्व त्यौहारों और पार्टियों में नहीं जाता । अपने घर में बंद रहता। चेहरे पर मुस्कान तो जैसे पाप होता?

बतौर खिलाड़ी अब तक की उपलब्धि ये कि यह मिड्ल आर्डर का एक मजबूत बल्लेबाज था और इसे मिस्टर डिपेंडेबल और जिब्राल्टर रोक कहा गया। लेकिन..



बतौर कप्तान इसने भारतीय टीम को ध्वस्त किया।

गांगुली दादा को जब बेइज्जत करके डुंगरपुर द्वारा टीम से भगाया गया तो यह डुंगरपुर का पालतू बना फिर कप्तान बना। तभी से द्रविड़ लोगों के मन से उतरने लगा।

2007 विश्व कप में बांग्लादेश से हार कर बाहर होने का तमगा इसके मत्थे है। तब इसके प्रति क्रिकेट प्रेमियों में भयंकर नाराजगी थी। देश क्रोध में था और द्रविड़ विश्वकप से बाहर होकर कोवलम बीच में छुट्टियां मना रहा था। ग्रेग चैपल के आने पर द्रविड़ चैपल का रोबोट बन गया । चैपल ने इतनी तोड़ फोड़ की कि, भारतीय टीम ही ध्वस्त हो गयी। चैपल जो कहता ये कहता यस्स सर। तब इसकी इतनी फजीहत हुई कि अंततःकप्तानी छोड़ कर भाग गया।

धोनी से इसकी पुरानी खुन्नस थी , तब यह रोबिन उथप्पा को टीम में इसलिये रखा था कि धोनी थोड़ा भी फेल हुआ कि धोनी आउट उत्थप्पा बतौर विकेटकीपर इन होता, लेकिन धोनी अपने खेल की बदौलत इसके मंसूबों पर पानी फेर गया। ये क्रिकेट कोच, कप्तान, प्रशासक के तौर पर एक दुर्भावनाग्रस्त चरित्र है। क्षेत्रवाद से ग्रस्त और चमचा पसंद है। ऊपर से आगरकर के साथ इसकी जोड़ी बनी है। अब इनके नजर में के एस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, जयदेव उनादकट, मुकेश? सिंह, ऐन मौके पर फेल होने वाला अय्यर वगैरह टेस्ट प्लेयर हैं। फालतू के औसत खिलाड़ियों को लाकर स्थापित अच्छा खेल रहे खिलाड़ियों को परेशान करता है। यह यस्स बौस का आदी है। अभी इसके आंख की किरकिरी है इशान किशन। लेकिन अंततः यह कोच के पद से भी फजीहत के बाद भागेगा जैसे कप्तानी छोड़कर भागा था।क्योंकि अभी बहुत कुछ होगा, फिलहाल इंग्लैंड ही इस सीरीज में नाकों चने चबवा देगा और भारत सीरीज जीत जाये तो समझिये बड़ी उपलब्धि है।